शब्दबाणों का प्रहार
नागपुर, रविवार 13 जुलाई 2025 @ www.rashtrabaan.in । पृष्ठ :8 । वर्ष :2 । अंक : 241। मूल्य:₹ 5

# राष्ट्रबाण

।। धर्मो रक्षति रक्षितः।।

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय दैनिक

## रूस से तेल खरीदने वाले देशों के लिए यह सख्त कानून जल्द होगा लागू

# ट्रंप फिर फोड़ेंगे टैरिफ बम

## भारत और चीन पर 500% टैरिफ?



राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों पर भारी भरकम टैरिफ की घोषणा कर दुनियाभर में हलचल पैदा कर दी है. इस बीच अब उन्होंने संकेत दिया है कि वे रूस से तेल, गैस या यूरेनियम जैसी ऊर्जा उत्पाद खरीदने वाले देशों, जैसे भारत और चीन पर 500% टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं. इस कदम का उद्देश्य रूस की ऊर्जा आय को रोककर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन युद्ध खत्म करने का दबाव बनाना है. दरअसल, यह प्रस्तावित कानून 'Sanctioning Russia Act of 2025' अप्रैल में रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल द्वारा अमेरिकी सीनेट में पेश किया गया था. बिल में रूस की वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर कड़ी रोक, रूसी कंपनियों, सरकारी संस्थाओं और वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध और रूस से तेल, गैस या यूरेनियम खरीदने वाले देशों पर 500% टैरिफ लगाने का प्रावधान है. कैबिनेट बैठक के दौरान ट्रंप ने कहा, 'यह पूरी तरह से मेरा फैसला होगा. वे (कांग्रेस) बिल पास करें या न करें, मैं इसे लागू कर सकता हूं या रोक सकता हूं. और मैं इस पर गंभीरता से विचार कर रहा हूं.' ट्रंप हाल ही में यूक्रेन युद्ध को लेकर पुतिन के प्रति अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर कर चुके हैं. एसो-सिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने रक्षा मंत्रालय को यूक्रेन को ज्यादा हथियार देने का निर्देश भी दिया है, जो उनके रुख में बदलाव का संकेत है. सीनेटर ग्राहम ने कहा कि यह कानून रूस को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने की दिशा में एक ब्रेकथ्रू है और ट्रंप ने खुद इसे आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया है. ग्राहम ने हाल ही में कहा, 'अगर आप रूस से ऊर्जा खरीद रहे हैं और यूक्रेन की मदद नहीं कर रहे, तो अमेरिका में आपके सामान पर 500% शुल्क लगेगा.' गौरतलब है कि अगर यह कानून पास होता है और ट्रंप इसे लागू करते हैं, तो भारत, चीन जैसे देश जो रूस से तेल और गैस खरीद रहे हैं, उन्हें अमेरिका में अपने उत्पादों पर 500% तक का टैरिफ झेलना पड़ सकता है. इससे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में भी तनाव बढ़ सकता है.

### टैरिफ पर यूरोपियन कमीशन की प्रेसिडेंट ने दी प्रतिक्रिया

यूरोपियन यूनियन कमीशन की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले पर कहा, 'यूरोपीय संघ के निर्यात पर 30% टैरिफ अटलांटिक के दोनों ओर के व्यवसायों, उपभोक्ताओं और मरीजों को नुकसान पहुंचाएगा. हम 1 अगस्त तक समझौते की दिशा में काम करना जारी रखेंगे. साथ ही, हम 30% टैरिफ के इस फैसले पर उचित प्रक्रियात्मक कदम उठाने और यूरोपीय संघ के हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं.'

### मैक्सिको और यूरोपियन यूनियन पर लगाया 30% टैरिफ

ट्रंप ने मैक्सिको और यूरोपीय संघ से आयात पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की, जो 1 अगस्त से प्रभावी होगा. अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से यह घोषणा अपने प्रमुख सहयोगियों के साथ कई सप्ताह तक चली व्यापार वार्ता के बाद भी किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रहने के बाद की गई है. उन्होंने इस संबंध में मैक्सिको और यूरोपीय संघ को लिखे पत्रों को अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर करके जानकारी दी.

### ट्रेड वॉर के और तीव्र होने की संभावना बढ़ी

- ट्रंप के इस कदम से ट्रेड वॉर के और तीव्र होने की संभावना बढ़ गई है, खासकर ऐसे समय में जब यूरोपीय संघ अपने सहयोगी अमेरिका के साथ एक व्यापक व्यापार समझौते पर काम कर रहा है. 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ को अब अमेरिकी बाजारों में भारी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है.
- ट्रंप की यह घोषणा इस सप्ताह की शुरुआत में जापान, साउथ कोरिया, कनाडा और ब्राजील से आने वाले सामानों पर टैरिफ में की गई बढ़ोतरी के बाद आई है. उन्होंने इन देशों से तांबे के आयात पर 50 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाया है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी टैरिफ पॉलिसी को अमेरिकी उद्योगों की रक्षा करने और डोमेस्टिक रेवेन्यू बढ़ाने वाला बताया है.
- यूरोपीय संघ ने शुरू में अमेरिका के साथ औद्योगिक वस्तुओं पर शून्य-टैरिफ व्यापार समझौते की मांग की थी. हालांकि, महीनों की तनावपूर्ण बातचीत के बाद भी कोई समझौता नहीं हो सका. जर्मनी ने अपने औद्योगिक क्षेत्र की रक्षा के लिए एक त्वरित समझौते पर जोर दिया है, वहीं फ्रांस जैसे देशों ने अमेरिका के इस प्रस्ताव का विरोध किया है, जिसे वे एकतरफा मानते हैं.

### यूरोपीय संघ अंतरिम समझौता करेगा

- आंतरिक विभाजन का सामना कर रहे 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ को अब एक अंतरिम समझौते पर ही संतोष करना पड़ सकता है, तथा भविष्य में अधिक अनुकूल शर्तों की उम्मीद करनी होगी. दूसरे देशों के साथ व्यापार को लेकर ट्रंप के आक्रामक रुख ने अमेरिकी सरकार के खजाने को नया रूप देना शुरू कर दिया है.
- ट्रेजरी के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, संघीय सरकार द्वारा वसूले गया सीमा शुल्क जून तक के वित्तीय वर्ष में 100 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया. नए लगाए गए टैरिफ के कारण यह एक महत्वपूर्ण उछाल है.

## एयर इंडिया क्रैश पर आई 15 पन्नों की रिपोर्ट

# एक-एक करके दोनों फ्यूल स्विच किए बंद



राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** यह स्टोरी अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (AAIB) द्वारा जारी की गई प्रारंभिक रिपोर्ट पर आधारित है, जो फ्लाइट 171 के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना की वजह को समझाने का प्रयास करती है. आइए इसे क्रमबद्ध तरीके से समझें ताकि घटनाक्रम स्पष्ट हो. उड़ान की शुरुआत (दोपहर 1:38:42 बजे से पहले) एयर इंडिया की फ्लाइट 171 ने सामान्य रूप से टेकऑफ की प्रक्रिया शुरू की. विमान ने टेकऑफ के लिए आवश्यक गति, यानी 180 नॉट्स (लगभग 333 किमी/घंटा) की अधिकतम हवाई गति हासिल की. इस समय तक सब कुछ सामान्य था. विमान के फ्लैप हैंडल 5-डिग्री की स्थिति में थे, जो टेकऑफ के लिए सामान्य सेटिंग है. थ्रस्ट लीवर (जो इंजन की शक्ति को नियंत्रित करते हैं) भी टेकऑफ की स्थिति में थे, यानी पूरी शक्ति पर. इंजनों का अचानक बंद होना (दोपहर 1:38:42 बजे) लगभग दोपहर 1:38:42 बजे पर, विमान के दोनों इंजनों (इंजन 1 और इंजन 2) के फ्यूल कटऑफ स्विच, जो सामान्य रूप से रन (चालू) स्थिति में होते हैं. एक के बाद एक कटऑफ (बंद) स्थिति में चले गए. यह बदलाव 1 सेकंड के अंतराल में हुआ. कटऑफ स्विच के बंद होने से इंजनों को ईंधन की आपूर्ति रुक गई.

- जिसके कारण दोनों इंजनों की गति (N1 और N2) तेजी से कम होने लगी. कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग में एक पायलट को यह पूछते सुना गया कि तुमने फ्यूल कटऑफ क्यों किया? दूसरा पायलट जवाब देता है कि मैंने नहीं किया. इससे पता चलता है कि दोनों पायलट इस घटना से हैरान थे. उन्हें समझ नहीं आया कि स्विच अपने आप कैसे बंद हो गए.
- इंजनों की गति कम होना और RAT का सक्रिय होना (01:38:47 बजे) फ्यूल सप्लाई बंद होने के कारण दोनों इंजनों की गति न्यूनतम गति (मिनिमम आइडल स्पीड) से भी नीचे चली गई. नतीजा ये हुआ कि विमान की हाइड्रोलिक प्रणाली को शक्ति प्रदान करने के लिए रैम एयर टरबाइन (RAT) हाइड्रोलिक पंप स्वचालित रूप से शुरू हो गया. यह RAT पंप 01:38:47 बजे पर सक्रिय हुआ, जो विमान को आपातकालीन हाइड्रोलिक शक्ति प्रदान करता है जब मुख्य इंजन काम नहीं कर रहे होते.
- पायलटों की प्रतिक्रिया: फ्यूल स्विच को फिर से चालू करना (01:38:52 बजे) पायलटों ने स्थिति को समझते हुए तुरंत कार्रवाई की. लगभग 01:38:52 बजे पर, इंजन 1 का फ्यूल कटऑफ स्विच ₹कटऑफ से वापस रन स्थिति में लाया गया. इसके दो सेकंड बाद, 01:38:54 बजे पर, ऑटोमैटिक पावर यूनिट (APU) का इनलेट डोर खुलना शुरू हुआ, जो APU के स्वचालित स्टार्ट होने का संकेत देता है. APU विमान को अतिरिक्त शक्ति प्रदान करता है.

## फास्ट ट्रैक

### छात्रा ने खुद को आग लगाई

**बालेश्वर.** ओडिशा के बालेश्वर जिले से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया. फकीर मोहन कॉलेज की एक छात्रा ने कॉलेज परिसर में खुद को आग लगा लिया. बताया जा रहा है कि यह कदम उसने कॉलेज के एक शिक्षक द्वारा लंबे समय से किए जा रहे उत्पीड़न के चलते उठाया. यह पूरी घटना कॉलेज के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है, जिसमें लड़की जलने के बाद दर्द से भागती हुई दिखाई दे रही है. इस मामले में कॉलेज के प्रिंसिपल दिलीप कुमार घोष को सस्पेंड कर दिया गया है. घटना शनिवार की दोपहर एफएम कॉलेज परिसर में हुई. छात्रा इंटीग्रेटेड बीएड प्रोग्राम के दूसरे वर्ष में पढ़ती है. छात्रा ने कॉलेज के इंटीग्रेटेड बीएड विभाग के HOD समीर कुमार साहू पर शारीरिक और मानसिक शोषण का आरोप लगाया है. छात्रा ने कई बार इस उत्पीड़न की शिकायत की थी, लेकिन उसे नजरअंदाज किया गया.

# भाई-भाई साथ आए, पर गलती कर गए



### राज ठाकरे पर बोले शंकराचार्य

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने राज ठाकरे के इसी बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा, ₹दोनों भाई एक साथ आए और मराठी अस्मिता के लिए आवाज़ उठाई, यह अच्छी बात है. लेकिन उनके कार्यकर्ताओं ने जोश में थोड़ी सी चूक कर दी. उन्होंने उन्हें पीटना शुरू कर दिया, जिससे उनका अभियान एक तरह से कमज़ोर पड़ गया. देश भर से आलोचना होने लगी. कार्यकर्ता जोश में गलतियाँ करते रहे और उनके नेता भी गलतियाँ करने लगे. वे सभा में कहने लगे, उन्हें मारो और पीटने के बाद, उसका सबूत मत छोड़ो. इससे उनका अभियान कमज़ोर पड़ गया. पिछले कुछ दिनों से राज्य में मराठी-हिंदी भाषा के मुद्दे पर कई तरह के विवाद देखने को मिल रहे हैं. राज्य सरकार द्वारा हिंदी को अनिवार्य करने के फैसले की घोषणा के बाद से ही इसका काफी विरोध हो रहा था. उसी समय, उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार कर इसके खिलाफ मोर्चा निकालने का फैसला किया था. लेकिन उससे पहले ही राज्य सरकार ने हिंदी को अनिवार्य करने का फैसला वापस ले लिया था. इस बीच, सरकार द्वारा यह फैसला वापस लेने के 20 साल बाद, विजय मेला के अवसर पर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक मंच पर आए.

# अंतरिक्ष की ओर ISRO का बड़ा कदम

## गगनयान के 'इंजन' का सफल परीक्षण



राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है. ISRO ने शनिवार को कहा कि उसने 'योग्यता परीक्षण कार्यक्रम' (क्वालिफिकेशन टेस्ट प्रोग्राम) पूरा करने के साथ ही गगनयान मिशन के लिए 'सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम' (एसए-मपीएस) को सफलतापूर्वक विकसित कर लिया है. इस सिस्टम को गगनयान का इंजन कहा जा सकता है. एसएमपीएस के एकीकृत प्रदर्शन को मान्य करने के लिए 350 सेकंड के लिए एसएमपीएस का पूर्ण अवधि का 'हॉट परीक्षण' आयोजित किया गया. वास्तविक परिस्थिति में किया जाने वाला यह परीक्षण शुक्रवार को सर्विस मॉड्यूल आधारित 'फ्लाइट ऑफ-नॉमिनल मिशन प्रोफाइल' के लिए किया गया.

## पहले राउंड के लिए 21 से शुरू होगा पंजीकरण

# नीट का शेड्यूल जारी

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** काउंसलिंग कमेटी ने बहुप्रतीक्षित नीट यूजी काउंसलिंग का कार्यक्रम घोषित कर दिया है. जारी शेड्यूल के अनुसार, पंजीकरण प्रक्रिया 21 जुलाई से शुरू होने वाली है. उम्मीदवार 28 जुलाई तक पंजीकरण कर सकेंगे. एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवार 21 जुलाई से पहले राउंड के लिए आधिकारिक वेबसाइट mcc.nic.in पर जाकर पंजीकरण कर सकेंगे. इस बार काउंसलिंग के लिए कुल 3 राउंड का आयोजन किया जाएगा. तीसरे राउंड के बाद एक स्ट्रे वैकेंसी राउंड का भी आयोजन होगा.

# IIM रेप केस में ट्विस्ट : पीड़िता के दावे को पिता ने नकारा

## बोले- एक्सीडेंट हुआ था, बेटी आरोपी को नहीं जानती



राष्ट्रबाण

**कोलकाता.** कोलकाता के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (IIM) कॉलेज के छात्र पर एक छात्रा ने रेप का आरोप लगाया है. इस मामले में पीड़िता के पिता और आरोपी छात्र की मां का बयान सामने आया है. पीड़िता के पिता ने खुद अपनी बेटी के आरोपों से इनकार कर दिया. उन्होंने कहा कि बेटी के साथ कुछ भी गलत नहीं हुआ. न बलात्कार हुआ, न किसी ने बदसलूकी की. बेटी आरोपी को जानती भी नहीं है. वह पूरी तरह सामान्य है और अभी सो रही है. पिता ने यह भी बताया कि शुक्रवार रात 9:34 बजे उन्हें एक कॉल आया, जिसमें बताया गया कि उनकी बेटी ऑटो से गिर गई और बेहोश हो गई थी. बाद में पुलिस ने उन्हें SSKM अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग में भर्ती करवाया. वहीं, रेप केस के आरोपी महावीर टोप्पनवर उर्फ परमानंद जैन की मां ने कहा कि हमें रात के करीब 11 बजे उसके दोस्त का फ़ोन आया. उसने बताया कि मेरे बेटे को हिरासत में लिया गया है और उसे इसकी वजह नहीं पता. हमें नहीं पता कि हमारे बेटे को क्यों गिरफ़्तार किया गया है. हम अपने बेटे से मिलना चाहते हैं और उससे बात करना चाहते हैं. वह अपने कॉलेज के अंतिम वर्ष में था. हमें यहां कोलकाता में कुछ भी नहीं पता. पुलिस स्टेशन या कोर्ट कहां है, मेरा बेटा निर्दोष है. वह इतनी दूर पढ़ाई करने आया है.

### क्या है पीड़िता का आरोप?

पीड़ित महिला ने अपनी FIR में बताया कि वह काउंसलिंग के लिए हॉस्टल गई थी, आरोप है कि कॉलेज के आरोपी छात्र ने उसे काउंसलिंग सेशन के बहाने लड़कों के हॉस्टल में बुलाया और उसे पिज़्ज़ा और पानी लंच में दिया. खाने-पीने के बाद वह बेहोश हो गई और जब होश आई तो उसे पता चला कि उनके साथ रेप हुआ है. पीड़िता का आरोप है कि छात्र ने उसे धमकी भी दी कि अगर उसने इस बारे में किसी को कुछ बताया तो गंभीर अंजाम भुगतने होंगे. पीड़ित महिला ने हरिदे-वपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद कोलकाता पुलिस ने BNS की धारा 64 और 123 के तहत मामला दर्ज कर कर्नाटक निवासी छात्र को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी को कोलकाता की अलीपुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है.

## कूटनीति LAC गतिरोध के बाद होगी पहली बीजिंग यात्रा।

# चीन में SCO की बैठक में शामिल होंगे जयशंकर

राष्ट्रबाण

**बीजिंग.** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अगले सप्ताह चीन के तियानजिन शहर में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक में हिस्सा लेंगे. चीनी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को इसकी पुष्टि की है. लद्दाख में जून 2020 में चीनी सैनिकों के साथ हुई हिंसक सैन्य झड़प के बाद जयशंकर की यह पहली बीजिंग यात्रा होगी. चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार SCO विदेश मंत्रियों की बैठक 15 जुलाई को तियानजिन में आयोजित की जाएगी. इस बैठक में चीन के विदेश मंत्री वांग यी मेज़बानी करेंगे. इसमें सभी सदस्य देशों के विदेश मंत्री और संगठन के स्थायी निकायों के प्रमुख हिस्सा लेंगे. बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में एससीओ सहयोग और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय



व क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा. SCO में 10 सदस्य देश शामिल हैं. इनमें भारत, चीन, रूस, ईरान, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस का नाम शामिल है. जयशंकर की इस यात्रा से पहले पिछले माह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी चीन की यात्रा की थी. वह जून में चीन के चिंगदाओ में एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए थे. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की भी चीन यात्रा हो चुकी है. इन बैठकों में भारत ने चीन से ₹जटिल मुद्दों के समाधान के लिए रोडमैप₹ की मांग की थी, जिसमें सीमा तनाव कम करने और सीमांकन प्रक्रिया को फिर से सक्रिय करने पर जोर दिया गया था. संकेत मिल रहे हैं कि चीनी विदेश मंत्री वांग यी भी इस महीने भारत की यात्रा कर सकते हैं, जहां वे एसआर (स्पेशल रिप्रेजें-टेटिव) स्तरीय सीमा वार्ता के तहत डोभाल से मिल सकते हैं. दोनों देश अब तक 23 दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है. वर्तमान में चीन SCO का अध्यक्ष है और इसी हैसियत से वह संगठन की विभिन्न बैठकों की मेज़बानी कर रहा है.

### चीन के साथ भारत की हो सकती है द्विपक्षीय वार्ता

रिपोर्टों के मुताबिक जयशंकर 13 जुलाई को बीजिंग पहुंच सकते हैं, जहां उनकी वांग यी से द्विपक्षीय वार्ता होने की भी संभावना है. जयशंकर की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब भारत और चीन के बीच संबंध पूर्वी लद्दाख में 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद बेहद तनावपूर्ण रहे हैं. इस वार्ता में एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) पर तनाव में कमी, महत्वपूर्ण धातुओं के निर्यात पर चीन की रोक, द्विपक्षीय व्यापार और रणनीतिक सहयोग, सीमा विवाद के समाधान के लिए तंत्र को पुनः सक्रिय करने जैसे मुद्दे शामिल हो सकते हैं.

# छग में 1.18 करोड़ के इनामी 23 नक्सलियों ने किया सरेंडर

## बस्तर में शांति बहाली की दिशा में बड़ी पहल



राष्ट्रबाण

**सुकमा.** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है. आज (शनिवार) को 23 इनामी नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर आत्मसमर्पण किया है. इन पर कुल 1.18 करोड़ रुपये के इनाम घोषित थे. एक दिन पहले नारायणपुर जिले में 22 नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद, अब सुकमा में 23 इनामी माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है. आत्मसमर्पण करने वालों में कुख्यात डीवीसीएम लोकेश भी शामिल है, जो 2012 में कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन के अपहरण में शामिल था. यह सफलता सुकमा पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान का परिणाम है. आत्मस-मर्पण पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण और सीआरपीएफ डीआईजी आनंद सिंह की मौजूदगी में हुआ. अभियान में सीआरपीएफ की 2वीं, 223वीं, 227वीं, 165वीं बटालियन एवं कोबरा की 204वीं और 208वीं बटालियन की भूमिका अहम रही.

## संपादकीय

# अर्बन नक्सलियों' के खिलाफ सख्त कार्रवाई

महाराष्ट्र विधानसभा में स्पेशल पब्लिक सिक्यॉरिटी बिल ध्वनिमत से पास हुआ. सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में कानून-व्यवस्था की मजबूती के लिए इसे जरूरी बताया है. लेकिन इस बिल से जुड़े कुछ सवाल हैं, जिनके जवाब मिलने चाहिए. विपक्ष ने भी जो आशंकाएं जाहिर की हैं, उन्हें यह कहकर खारिज नहीं किया जा सकता कि विपक्ष तो विरोध करेगा ही. सीएम फडणवीस ने कहा है कि यह बिल 'अर्बन नक्सलियों' के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लाया गया है. नक्सलवाद की समस्या से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन महाराष्ट्र सरकार जिस 'अर्बन नक्सल' की बात कह रही है, उसकी कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं बताई जा रही. यह शब्द पिछले दशक से चलन में आया है. लेकिन, इसकी स्पष्ट व्याख्या की जरूरत है, ताकि इस शब्द की आड़ में वैचारिक विरोध और असहमति की आवाज को न दबाया जा सके. विपक्ष को भी मुख्य एतराज इसी बात पर है कि बिल में लेफ्ट विंग उग्रवादी विचारधारा की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है. हालांकि सीएम भरोसा दे रहे हैं कि नए कानून का उपयोग राजनीतिक प्रदर्शनकारियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ नहीं किया जाएगा. उन्होंने यही बात लेफ्ट पार्टियों के लिए भी कही, लेकिन इतना काफी नहीं है. किसी भी कानून में सबसे अहम है प्रावधानों की स्पष्टता, ताकि उसे लागू करने में किसी तरह की परेशानी न आए. हालांकि महाराष्ट्र इस तरह के कानून लाने वाला कोई पहला राज्य नहीं है. इससे पहले चार अन्य राज्यों में ऐसा कानून लाया जा चुका है. लेकिन इससे यह सवाल समाप्त नहीं हो जाता कि आखिर ऐसा कानून लाने की क्या जरूरत आन पड़ी है. देश में नक्सलवाद की समस्या, सरकार के ही दावों के मुताबिक, अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है. देश में नक्सल प्रभावित जिलों की जो संख्या एक समय 180 तक चली गई थी, वह अब 18 रह गई है. इनमें भी ज्यादा प्रभावित जिले 6 बताए जाते हैं. फडणवीस के ही मुताबिक महाराष्ट्र में केवल दो तालुकाओं में नक्सली गतिविधियां बची हैं. तो जो समस्या यों भी खत्म होने पर है, उसके लिए इतने कड़े इस नए कानून की जरूरत क्यों समझी जा रही है? महाराष्ट्र में मकोका और UAPA जैसे सख्त कानून पहले से हैं. ऐसे में 'अर्बन नक्सल' जैसी अस्पष्ट सोच के साथ जोड़कर इतना कड़ा कानून लाए जाने से यह आशंका मजबूत होती है कि कहीं इसका दुरुपयोग आम लोगों के असंतोष को दबाने में न किया जाने लगे.



देश में नक्सलवाद की समस्या, सरकार के ही दावों के मुताबिक, अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है. देश में नक्सल प्रभावित जिलों की जो संख्या एक समय 180 तक चली गई थी, वह अब 18 रह गई है. इनमें भी ज्यादा प्रभावित जिले 6 बताए जाते हैं. फडणवीस के ही मुताबिक महाराष्ट्र में केवल दो तालुकाओं में नक्सली गतिविधियां बची हैं. तो जो समस्या यों भी खत्म होने पर है, उसके लिए इतने कड़े इस नए कानून की जरूरत क्यों समझी जा रही है? महाराष्ट्र में मकोका और UAPA जैसे सख्त कानून पहले से हैं.

# बोझ के बजाय सुगमता बढ़ाएं कानून

दिग्गज फैशन ब्रांड एचएंडएम को 2016 में एक स्वेटर का माप 1.22 मीटर के बजाय 122 सेंटीमीटर बताना महंगा पड़ गया. इस कारण उस पर आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ. इसी तरह ब्रिटानिया पर भी मैट्रोलोजी कानून यानी माप से जुड़े कानून के तहत एक थोक बाक्स पर 120 एन या 120 यू के बजाय '120 पैक्स' लिखने के लिए मुकदमा चलाया गया. लेबलिंग नियमों के उल्लंघन पर आइटीसी को मध्य प्रदेश में छह साल तक कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी.

आज के सूचना प्रधान युग में उपभोक्ता खुद काफी मुखर होकर इंटरनेट मीडिया के मंचों पर अपनी आवाज उठाते हैं. इसके बावजूद कुछ लोग ठगी से बाज नहीं आते जिनसे निपटने के लिए कानूनी सख्ती आवश्यक है. इस संदर्भ में एक आसान तरीका यह हो सकता है कि ग्राहक की शिकायत पर जांच शुरू की जाए या अधिकारी बाजार से कोई सामान खरीदकर उसका वजन या माप जांचें. दिग्गज फैशन ब्रांड एचएंडएम को 2016 में एक स्वेटर का माप 1.22 मीटर के बजाय 122 सेंटीमीटर बताना महंगा पड़ गया. इस कारण उस पर आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ. इसी तरह ब्रिटानिया पर भी मैट्रोलोजी कानून यानी माप से जुड़े कानून के तहत एक थोक बाक्स पर 120 एन या 120 यू के बजाय '120 पैक्स' लिखने के लिए मुकदमा चलाया गया. लेबलिंग नियमों के उल्लंघन पर आइटीसी को मध्य प्रदेश में छह साल तक कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी, क्योंकि उसने अरहर दाल के पैकेट पर एक साधारण वाक्यांश 'जब पैक किया गया' लिख दिया, जो तय नियमों में नहीं आता था. ये कुछ मिसालें हैं, जो मैट्रोलोजी कानूनों की जटिलताओं के चलते कानून व्यवस्था पर पड़ने वाले अनावश्यक बोझ को दर्शाती हैं. इसका अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2021-22 में ही अप्रमाणित वजन और माप की वजह से 35,840 मामले दर्ज किए गए. मैट्रोलोजी कानून यानी 'विधिक माप-विज्ञान अधिनियम' का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा है, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि सामान का वजन और माप सही हो. यह कानून सुनिश्चित करता है कि जब आप कुछ खरीदते हैं तो आपको उतनी ही मात्रा या माप की वस्तु मिले, जितनी पैकेट पर लिखी हुई है. प्री-पैक्ड वस्तुओं की लेबलिंग के मामले भी इसी के अंतर्गत आते हैं. जैसे प्रोडक्ट का नाम, वजन और निर्माता की जानकारी आदि. इस कानून के तहत ऐसे व्यवसाय, जो वजन और माप संबंधी उपकरण बनाते, बेचते, आयात या मरम्मत करते हैं, उन्हें लाइसेंस प्राप्त करना भी अनिवार्य है. भले ही किसी व्यवसाय का गलत इरादा न हो, पर यह कानून व्यवसायों पर बड़ा बोझ डालता है. हमने इस संदर्भ में कुछ चुनौतियों और उनके समाधान प्रस्तुत करने का प्रयास किया है. पहला, हमारी मौजूदा लेबलिंग आवश्यकताएं अत्यंत जटिल हैं और मौजूदा नियमों में बहुत ही सूक्ष्म निर्देश दिए गए हैं. उदाहरण के रूप में अंकों की माप, शब्दों की ऊंचाई और चौड़ाई और लेबल का आकार आदि. हमें अंक, शब्दों की माप, पैकेजिंग कवर के प्रतिशत आदि से संबंधित निर्धारित आवश्यकताओं से हटकर व्यावहारिक मापदंडों का उपयोग करना चाहिए. जैसे लेबल स्पष्ट रूप से चिह्नित हो, प्रमुखता से दिखाई दे और आसानी से पढ़ा जा सके और यदि विस्तृत जानकारी की आवश्यकता है तो उसे क्विक-रिस्पांस यानी क्यूआर कोड से जोड़ा जा सकता है. कुछ इलेक्ट्रानिक उत्पादों और दवाओं में ऐसा किया भी जाता है, ताकि ग्राहक सही जानकारी हासिल कर सकें. दूसरा, जिन उत्पादों के लिए आम तौर पर मीट्रिक प्रणाली का प्रयोग नहीं किया जाता है, वहां अन्य उपयोग स्वीकार किए जाने चाहिए. ऐसा न करने से भ्रम की स्थिति पैदा होती है.




# सोच पर सवाल है गुरुग्राम की त्रासदी

आज मौका मिलने पर हर क्षेत्र में लड़कियों ने अपनी क्षमताएं साबित की हैं और यह किसी भी समाज के लिए एक स्वागतयोग्य तस्वीर है. एक विकासमान समाज तभी तक आगे का सफर जारी रख सकता है, जब वह बदलते वक्त के नए मूल्यों को आत्मसात करता है और अपने प्रगतिशील विवेक के साथ बदलाव में संतुलन कायम रखता है. विडंबना यह है कि कई बार समाज की नई पीढ़ी बदलाव में अपनी जगह बनाने के लिए वक्त की जरूरतों के साथ तालमेल बिठाने की कोशिश करती है, लेकिन उसके सामने तंगनजरी या संकीर्णताएं दीवार बन कर खड़ी हो जाती हैं. इस तरह की बाधाएं कई बार इतनी सख्त होती हैं कि उसमें मानवीय संवेदनाओं के लिए भी गुंजाइश नहीं बचती और अपने विवेक से अपना भविष्य बनाने या जीवन-मूल्य चुनने वाले किसी युवा को हिंसा के बल पर रोकना हल मान लिया जाता है. दिल्ली से सटे गुरुग्राम में जिस तरह एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की हत्या कर दी, उसने एक बार फिर सबको यह सोचने पर मजबूर किया है कि आजादी के सात दशक बाद और विकास के तमाम आधुनिक मूल्यों के बीच समाज आखिर विरोधाभासों की कितनी परतों के बीच जीता है! गौरतलब है कि गुरुग्राम में गुरुवार को राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी रही एक लड़की की उसके पिता ने गुस्से में आकर गोली मार कर हत्या कर दी. खबरों के मुताबिक, इसकी वजह यह थी कि बेटी के एक टेनिस अकादमी चलाने की वजह से पिता को समाज में कुछ लोग अक्सर ताने मारते थे. किसी भी स्थिति में क्या यह इतनी बड़ी वजह हो सकती है कि इससे खफा होकर कोई पिता अपनी बेटी की जान तक ले ले? संभव है कि पिता ने अपनी बेटी के टेनिस खिलाड़ी बनने और संघर्ष करके राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के सफर में हरसंभव योगदान दिया होगा. मगर उसके लिए समाज के ताने इतने भारी क्यों हो गए कि वह उसी बेटी का दुश्मन हो गया? आज मौका मिलने पर हर क्षेत्र में लड़कियों ने अपनी क्षमताएं साबित की हैं और यह किसी भी समाज के लिए एक स्वागतयोग्य तस्वीर है. लेकिन यह भी एक तकलीफदेह सच है कि इस समाज का ज्यादातर हिस्सा जिस जड़ता के मानस और पारंपरिक मूल्यों के दायरे में जीता है, उसके बीच एक लड़की का चारदीवारी से बाहर अपनी जगह बनाना, व्यक्तित्व का विकास करना बेहद जद्दोजहद से भरा सफर होता है.




# रिश्तों को संवारने की नई पाठशाला

यदि कोई संबंध न चल रहा हो उससे अलग होना हो तो बेहतर है कि बच्चों को दुनिया में न लाया जाए. 'तेरे-मेरे सपने' जैसी पहल अच्छी है यदि वह युवाओं को जीवन की वास्तविकता बता सके. जीवन सिर्फ इंस्टाग्राम फेसबुक आदि पर कुछ शेयर करने या रील बनाने के लिए ही नहीं है. उसके अर्थ बहुत व्यापक हैं. देवानंद, मुमताज और चेतन आनंद अभिनीत एक हिट फिल्म आई थी-तेरे-मेरे सपने. इससे पहले देवानंद की ही फिल्म गाइड का गाना युवाओं की जुबान पर चढ़ गया था-तेरे-मेरे सपने अब एक रंग हैं. हालांकि पचास साल से अधिक के समय में बहुत कुछ बदल चुका है. संबंधों में भावुकता के मुकाबले 'प्रेक्टिकलिटी' ने स्थान बना लिया है. मामूली बातों पर संबंध खत्म हो रहे हैं. यदि किसी ने हैप्पी बर्थडे नहीं कहा तो भी 'टाटा-बाय बाय'. वैवाहिक संबंधों में स्थायित्व तक नहीं रहा. बच्चे भी अब संबंध टूटने की राह में रोड़ा नहीं बनते. पिछले दिनों एक स्त्री ने चार बच्चों के होते हुए भी चार बच्चों के पिता से शादी रचा ली. इसी तरह एक महिला नौ बच्चों के होते हुए भी अपने पुरुष मित्र के साथ चली गई. उसका सबसे छोटा बच्चा आठ-नौ महीने का था. वह रो-रोकर मां को पुकारता रहा, लेकिन वह नहीं रुकी. यही हाल पुरुषों का भी है. किसी और महिला से संबंध बनाने के चक्कर में वे बाल-बच्चों को छोड़कर चले जाते हैं. इसके अलावा संबंधों में हत्या भी जोर पकड़ रही है. कोई पत्नी को मार रहा है, कोई पति को, तो कोई लिव इन पार्टनर को. हाल में इसी अखबार में खबर छपी कि ऐसी घटनाओं से महिला आयोग बहुत चिंतित है. इसलिए दस राज्यों के 24 शहरों में ऐसे संवाद केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां विवाह से पहले युवक-युवती आपस में बातचीत कर सकें. इन केंद्रों का नाम होगा-तेरे-मेरे सपने. यहां युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक जिम्मेदारियों को लेकर जागरूक किया जाएगा. माना जा रहा है कि इससे विवाह में स्थायित्व आएगा. तलाक में कमी आएगी. घरेलू हिंसा भी रोकी जा सकेगी. महिला आयोग ने इन केंद्रों से जोड़े जाने वाले लोगों के लिए एक सिलेबस तैयार किया है.उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया. मूल रूप से यह बातें बहुत अच्छी हैं, लेकिन ये सब पढ़ते हुए लगा कि क्या वाकई अब हमारे परिवारों में ऐसा कोई नहीं रहा, जो बच्चों को विवाह और उसकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार कर सके.



# राशिफल





■ **मेष** : आज आपको दिन की शुरुआत एक्सरसाइज से करनी चाहिए. व्यापारियों को लाभ होने की संभावना है. नौकरी पेशा करने वालों को उन्नति व आय में वृद्धि मिल सकती है. दोस्तों के साथ एक रंगीन शाम बिताने का मौका मिलेगा. लोग आपके काम की तारीफ करेंगे.

■ **वृषभ** : आज आपको परेशानियों का समाधान मिल सकता है. अगर आप भविष्य में आर्थिक रूप से मजबूत बनना चाहते हैं तो आपको आज से ही पैसे बचाना शुरू कर देना होगा. आप अपने बिजी शेड्यूल से अपने लिए समय निकाल सकते हैं और अपने जीवनसाथी के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं.

■ **मिथुन**: आज आपके जीवन में खुशियों का आगमन होगा. किसी अटके हुए धन की वापसी हो सकती है, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. जो लोग अभी तक सिंगल हैं, उनकी आज किसी खास शख्स से मुलाकात होने की संभावना है. खरीदारी करने के लिए आज का दिन अच्छा है.

■ **कर्क** : आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. अगर आप कर्ज लेने वाले थे और काफी समय से इस काम में लगे हुए थे तो आज आपके लिए भाग्यशाली दिन है. आपके घर का माहौल अच्छा रहेगा. आज आप अपने जीवन का सबसे अच्छा दिन अपने जीवनसाथी के साथ बिताएंगे.

■ **सिंह** : आज सेहत को लेकर सतर्क रहें. आज किसी पार्टी में आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है जो आपको अपना आर्थिक पक्ष मजबूत करने के लिए कोई महत्वपूर्ण सलाह दे सकता है. परिवार के सदस्यों का साथ मिलने से मन प्रसन्न रहेगा.

■ **कन्या** : आज आपको ऑफिस की पॉलिटिक्स से बचना चाहिए. कार्यस्थल पर आपके पिता की कोई सलाह लाभकारी साबित हो सकती है. आपको दोस्तों का साथ मिलेगा. वैवाहिक जीवन में मुश्किल दौर के बाद यह दिन आपको राहत देगा.

■ **तुला**: आज आप दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे. आज आप पैसों से जुड़ी परेशानियों के कारण मन परेशान हो सकता है. भावुकता पर काबू रखें. आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा. जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे.

■ **वृश्चिक** : आज आपको आर्थिक व व्यापारिक रूप से सफलता मिलेगी. कोई आपका दोस्त आज आपसे बड़ी रकम उधार मांग सकता है, लेकिन रुपए-पैसे के लेनदेन से पहले विचार करना जरूरी है. प्रभावशाली लोगों के साथ बातचीत से आज आपको व्यापार में विस्तार मिल सकता है.

■ **धनु**: आज आपकी एनर्जी का लेवल हाई रहेगा. आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर धन पर चर्चा कर सकते हैं और अपने भविष्य के लिए अपने धन की प्लानिंग बना सकते हैं. मानसिक तनाव का सामना कर सकते हैं. आज का दिन वाकई बहुत रोमांटिक होने वाला है.

■ **मकर** : आज आपको शरीर से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं. अगर आप भविष्य में आर्थिक रूप से मजबूत बनना चाहते हैं तो आपको आज से ही पैसे बचाना शुरू कर देना होगा. किसी व्यक्तिगत परेशानी को सुलझा सकते हैं. व्यापारियों को आर्थिक मुनाफा हो सकता है.

■ **कुंभ**: आज आपको अपनी डाइट पर नजर रखनी चाहिए. आपको बेवजह ज्यादा खर्च करने से खुद को रोकना चाहिए, नहीं तो पैसों की तंगी हो सकती है. परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे. आपका खराब मूड आपका जीवनसाथी किसी खास सरप्राइज से खुश हो जाएगा.

■ **मीन**: आज आपको शारीरिक रूप से कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं. आर्थिक पक्ष मजबूत होने की संभावना है. अगर आपने किसी व्यक्ति को पैसा उधार दिया था तो आज वह पैसा आपको वापस मिलने की उम्मीद है. जीवनसाथी का साथ मिलेगा.

## फिल्म वर्ग पहेली- 392



**बायें से दायें:-**

1. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-3
3. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-3
5. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है तो' गीत वाली फिल्म-2
7. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-3
8. आफताब, उर्मिला की फिल्म-2
9. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्री पुरस्कार मिला था-3
11. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-3
12. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-2
13. फिल्म 'मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-2
14. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुसितारा फिल्म-3
15. अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-3
17. गुरूदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-2
19. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'पानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-3
21. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रीना की फिल्म-2
23. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-3
25. 'ओरी छोरी' गीत वाली फिल्म-3
26. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-2
27. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-2
29. चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-3
31. धर्मेन्द्र, हेमा की 'चोरों को सारे नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-2,3
34. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-2
35. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा दत्ता, अमुताराव, तारा शर्मा, जेनीलिया की फिल्म-2

**ऊपर से नीचे:-**

1. चंकी पांडे, जयाप्रदा, किमी की 'चीची वाला छल्ला' गीत वाली फिल्म-3
2. 'चांदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-3
3. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-4
4. 'आपकी याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-3
6. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-4
10. 'जुबां पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-3
12. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-3
15. संदीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दुहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-3
16. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-3
18. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते है' गीत वाली फिल्म-3
20. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-4
22. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-3
24. 'चूड़ेवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-3
28. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-2
29. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-2
30. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-2
32. रितिक, करीना की 'ऐरी रे ऐरी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-2
33. 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-2

**फिल्म वर्ग पहेली- 391 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्लै | क | मे | ल | | सौ | दा | ग | र | |
| | र्ज | | की | म | त | | द | | माँ |
| आं | | सू | र | | न | फ | र | त | |
| दो | रा | हा | | खे | | की | | नु | |
| ल | | ग | ज | ल | | रा | जा | जा | नी |
| न | | | मी | | सं | | ल | | य |
| | गॅ | वा | र | | जो | र | | अं | त |
| को | | रि | | आ | ग | | जो | श | |
| ह | व | स | | द | | खु | शी | | लै |
| रा | | | ज | मी | न | | ला | ड | ला |

■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

## अंकजाल - 392

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 14 | 23 | 22 | | 32 | 14 | 19 | 13 | |
| 14 | 2 | | 5 | | 5 | | 9 | | 25 |
| 16 | | 3 | | | | 7 | | 4 | 16 |
| 15 | 2 | | 7 | | 9 | | 7 | | 21 |
| 26 | | 7 | | 5 | | | | | |
| | | | | | 9 | | 3 | | 30 |
| 21 | | 6 | | 3 | | 6 | | 5 | 15 |
| 16 | 2 | | 6 | | | | 8 | | 23 |
| 23 | | 8 | | 4 | | 6 | | 7 | 21 |
| | 12 | 19 | 19 | 23 | | 21 | 23 | 28 | |

**अंकजाल 391 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 21 | 17 | 24 | | 18 | 21 | 10 | 17 | |
| 18 | 5 | 4 | 9 | | 2 | 7 | 5 | 8 | 22 |
| 15 | 7 | 5 | 3 | | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 15 | 2 | 6 | 7 | | 3 | 7 | 2 | 5 | 17 |
| 29 | 7 | 2 | 5 | 7 | 8 | | | | |
| | | | | 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 25 |
| 16 | 2 | 5 | 6 | 3 | | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | | 6 | 8 | 7 | 21 |
| 21 | 3 | 5 | 6 | 7 | | 3 | 2 | 7 | 12 |
| | 10 | 18 | 18 | 28 | | 22 | 22 | 27 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 392

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | स | आ | त्म | ली | न | षा | गु | बा | प | दे |
| क | अ | अ | त्म | त | अ | ला | र | न | द | जू |
| आ | स | आ | क | प्र | न | भि | द | नं | जू | व |
| जी | अ | चा | आ | र | ति | गु | आ | प | दे | न |
| व | अ | र्य | त | अ | ला | ष्ठा | न | श | म | क |
| न | आ | चा | र | वा | न | द | शा | च | व | त |
| वा | अ | सौ | र | जा | ला | गु | आ | प | दे | आ |
| ह | आ | मो | व | आ | वा | द | ह | यु | व | ग |
| क | जा | ह | व | प | गो | द | व | प | र | र |
| र | दी | ब्ब | फा | प | स | श | ह | वि | बा | क |
| स | बा | तें | व | न | ज | द | आ | गा | ह | र |

*शब्द जाल में 'आ' से शुरु होने वाले 10 शब्द ढूंढिए. दिए गए शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

आत्मलीन, आत्मप्रतिष्ठा, आचारवान, आगोश, आगाह, आनंद, आजीवन, आचार्य, आजादी, आचमन.

**शब्दजाल - 391 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | दु | मे | रि | द्रो | णा | चा | र्य | न | प | क |
| न | र्यो | शा | प | इं | डो | भी | म | या | ड़ | क |
| अ | ध | जा | स | र | ग | स | द | ह | प | न |
| जी | न | ल | पा | न | दू | स | न | ह | र्जु | ल |
| त | या | अ | सौ | न | जा | ला | न्यु | अ | प | दे |
| आ | यु | इ | मो | व | प | म | क | ह | यु | बां |
| ग | धि | ल | ह | च | भि | रि | पा | व | प | ग |
| र | ष्ठ | भा | त्क | अ | प | स | रा | ब्रा | वि | ला |
| क | र | टे | तें | व | न | क | र्ण | शा | जू | दे |
| र | घ | ल | प | व | सिं | ल | रु | अ | प | श |
| बां | स | ल | भी | ष्म | पि | ता | मा | ह | क | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# आयोग अधिक सुलभ दस्तावेज़ों को शामिल करे

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के संबंध में की गई तीखी टिप्पणियाँ भारत के चुनाव आयोग (ECI) के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार हैं, जिस पर उसे तुरंत ध्यान देना चाहिए. पहचान सत्यापन के लिए स्वीकार्य दस्तावेज़ों में आधार, मतदाता फोटो पहचान पत्र और राशन कार्ड को शामिल करने पर विचार करने का ECI से आग्रह करके, न्यायालय ने SIR की इस आलोचना को स्वीकार किया है कि सत्यापन के लिए सूचीबद्ध 11 दस्तावेज़ मतदाता पंजीकरण में एक प्रतिबंधात्मक और अनावश्यक बाधा हैं. न्यायालय ने ECI को समावेशिता की ओर इस तरह प्रेरित किया है जिससे SIR से जुड़े मूल मुद्दों को सुलझाने में मदद मिल सके. न्यायालय ने सही ही कहा कि ₹एसआईआर की पूरी प्रक्रिया केवल पहचान के बारे में है₹, वर्तमान में सूचीबद्ध 11 दस्तावेजों में से कोई भी ₹नागरिकता के लिए महत्वपूर्ण₹ नहीं है, और ये सभी पहचान साबित करने के लिए हैं. न्यायालय ने यह भी सही ही सवाल उठाया कि आधार, जिसे ₹अन्य दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बुनियादी माना जाता है₹, को क्यों बाहर रखा गया है जबकि जाति प्रमाण पत्र जैसे आश्रित दस्तावेज़ों को स्वीकार किया जाता है, जिससे चुनाव आयोग की स्थिति में विसंगति उजागर होती है. आधार को नागरिकता के बजाय केवल निवास साबित करने के रूप में मानने पर चुनाव आयोग की आपत्ति, कानूनी मिसालों के अलावा, बिहार की व्यावहारिक वास्तविकताओं की गलतफहमी को उजागर करती है. उदाहरण के लिए, आंकड़े बताते हैं कि बिहार की 87% आबादी के पास आधार कार्ड है, जबकि केवल 45%-50% लोग ही मैट्रिक पास हैं और लगभग 2% के पास ही पासपोर्ट हैं. न्यायालय के पहले के फैसले भी प्रासंगिक बने हुए हैं, जिन्होंने पिछले चुनावों में पहले से नामांकित मतदाताओं पर ₹नागरिकता साबित करने का दायित्व₹ डालने को निर्णायक रूप से खारिज कर दिया था. यह मिसाल एसआईआर के उस दृष्टिकोण का



जनसंवाद नेटवर्कस् प्रा. लि. हेतु राष्ट्रबाण (प्रेस) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विष्णुगुप्त श्रीनिवास वैद्य द्वारा यह मुद्रित कर 101/5 गणेश स्नेहल अपार्टमेंट नागपुर-22 से प्रकाशित. प्रधान संपादक - *विष्णुगुप्त श्रीनिवास वैद्य, *पी. आर. बी. कानून के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार ■ इस पत्र में प्रकाशित विज्ञापन, लेख व समाचारों में व्यक्त विचार व्यक्तिगत है. उनसे हमारा सहमत-असहमत होना जरुरी नहीं. RNI Reg. No. HIN/72804 ■ फोन नं. 0712-7966355, rashtrabaanngp@gmail.com

# 100 यूनिट तक बिजली माफ करने की तैयारी

## वित्त विभाग से मिली मंजूरी

### बिहार को बड़ा तोहफा देने जा रहे नीतीश

राष्ट्रबाण



**पटना.** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. इससे पहले सभी दलों के द्वारा तैयारी की जा रही है. वहीं चुनाव से पहले नीतीश सरकार जनता को कई बड़े तोहफे दे रही है. इसी क्रम में अब बिहार की जनता को 100 यूनिट कर बिजली भी मुफ्त मिलने जा रही है. नीतीश सरकार जल्द ही इस प्रस्ताव को पास करने वाली है. दरअसल, ऊर्जा विभान ने प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे वित्त विभाग से मंजूरी भी मिल गई है. वहीं अब कैबिनेट से स्वीकृति बाकी है. कैबिनेट से स्वीकृति मिलते ही यह योजना लागू हो जाएगी. दरअसल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन की रकम में बढ़ोतरी के बाद अब बिहार सरकार चुनावी साल में 100 यूनिट प्रति परिवार मुफ्त बिजली देने की योजना बना रही है. ऊर्जा विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार किया है, जिस पर वित्त विभाग ने अपनी सहमति दे भी दी है. मंगलवार को कैबिनेट से स्वीकृति के बाद यह योजना लागू हो सकती है. इस योजना के तहत घरेलू उपयोग के लिए प्रति परिवार 100 यूनिट तक बिजली निःशुल्क मिलेगी. इससे अधिक बिजली का उपयोग करने पर ही उपभोक्ताओं को पैसे देने होंगे. सूत्रों के अनुसार कृषि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी बिजली पर कुछ और रियायत देने की योजना पर भी सरकार विचार कर रही है. बता दें कि बिहार में शहरी क्षेत्र में अभी बिजली की दर प्रति यूनिट 7.57 रुपये है.

बता दें कि इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 11 जुलाई को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की किस्त लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर की. इस योजना के तहत 1227.27 करोड़ रुपये 1.11 करोड़ लाभार्थियों के बैंक खाते में डीबीटी के जरिए भेजे गए. सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पहले प्रतिमाह 400 रुपये की राशि लाभार्थियों को दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर अब 1100 रुपये कर दिया गया है. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गई. इस फिल्म में पेंशन योजना के लाभार्थियों की कहानी बताई गई, जिनका जीवन इससे आसान हुआ है.

# केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को मिली बम से उड़ाकर जान से मारने की धमकी

पप पटना. लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को जान से मारने और बम से उड़ाने की धमकी मिली है. लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने पटना के साइबर क्राइम थाने में मामले की शिकायत दी है. ये धमकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से दी गई है. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. लोजपा (R) के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने साइबर थाना पटना पहुंच कर प्राथमिकी दर्ज कराई और पुलिस प्रशासन से इस मामले में संलिप्त अपराधी को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है. भट्ट ने कहा कि यह लोकतंत्र पर हमला ही नहीं बल्कि दलित नेतृत्व पर भी कुठाराघात है जिसे कतई



बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

लोजपा के शिकायत पत्र में क्या लिखा है

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रवक्ता की तरफ से पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि आज सोशल मिडिया के माध्यम से टाइगर मेराज इदिसी के नाम से बने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक यूट्यूबर के इंस्टाग्राम अकाउंट पर केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को बम से उड़ाकर जान से मारने की धमकी दी गई है, जो अपराधिक प्रवृति और गैरकानूनी कृत्यों मे संलिप्तता को दर्शाता है. कृपया मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई कर संदिग्ध अपराधी तो गिरफ्तार किया जाए.

## पुलिस ने दर्ज किया मामला

पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष साइबर थाना नीतीश चन्द्र धारिया ने बताया कि शुक्रवार को रात करीब 9 बजे एक मामला सामने आया है जिसमें केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को सोशल मीडिया के माध्यम से जान से मारने की धमकी दी गई है. इस मामले में पटना साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है. वहीं, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के समस्तीपुर जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार सिंह उर्फ हीरा सिंह ने इस मामले को लेकर समस्तीपुर साइबर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. घटना के संबंध में अनुपम सिंह ने बताया कि एक यूट्यूबर के इंस्टाग्राम पोस्ट पर चिराग पासवान की फोटो पर कमेंट के माध्यम से बम से उड़ाकर हत्या करने की धमकी दी है. कमेंट करने वाले लड़के का नाम टाइगर मिराज इदरीश है. इर्दिश के नाम से कमेंट किया गया है.

### क्या 'कबाड़' एयरक्राफ्ट पर भारत खेलेगा जुआ?

# दुनिया ने ठुकरा दिया रूस का लड़ाकू स्टील्थ फाइटर जेट

राष्ट्रबाण



**मॉस्को.** Sukhoi Su 57 रूस का पहला पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर है. रूस ने इसे अमेरिका के F 22 और F 35 के मुकाबले बनाने की कोशिश की. लेकिन कई एक्सपर्ट्स दावा करते हैं कि रूस ऐसा करने में नाकाम रहा है. Su 57 लड़ाकू विमान के एक्सपोर्ट वर्जन 'Su 57E' को रूस ने 2018 में बाजार में पेश किया था. रूस को उम्मीद थी कि उसके लड़ाकू विमान को एंटी-अमेरिका मानसिकता वाले देश हाथों हाथ लेंगे. लेकिन रूस का सपना, सपना ही रह गया. पिछले सात सालों में रूस ने दर्जनों देशों के सामने अपने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान का प्रदर्शन किया है, एयर शो में भेजे, लेकिन सिर्फ अल्जीरिया ने ही रूस से सौदा किया. जबकि अमेरिकी F-35 लड़ाकू विमान को अमेरिका के दर्जन भर से ज्यादा सहयोगी देश ऑपरेट करते हैं. इसके अलावा रूस, अपनी वायुसेना के लिए भी Su 57 ज्यादा संख्या में नहीं बना पा रहा है. कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि Su 57 लड़ाकू विमान में देशों की दिलचस्पी नहीं होने के पीछे की वजह इसकी कमजोर टेक्नोलॉजी है. कई पश्चिमी एक्सपर्ट्स दावा करते हैं कि इसकी स्टील्थ क्षमता 'कागजी' है और ये एफ-35 के मुकाबले एक चौथी पीढ़ी के विमान से ज्यादा कुछ नहीं है. अमेरिकी और यूरोपीय डिफेंस एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसका रडार क्रॉस सेक्शन आज की फिफ्थ जेनरेशन की जरूरतों से मेल नहीं खाता है. कुछ रिपोर्ट्स ये दावा करते है कि Su 57 की स्टील्थ प्रोफाइल एक सामान्य चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान के बराबर ही है. ऐसे में अमेरिकी F-22, F-35 और चीनी J-20, J-35 के मुकाबले सबसे ज्यादा सवाल रूसी Su-57 को लेकर हैं. F 35 को अब तक 15 से ज्यादा देश खरीद चुके हैं और F 16 तो 25 से भी ज्यादा देशों की वायु सेना की रीढ़ है, वहीं Su 57 को सिर्फ अल्जीरिया ने खरीदा है, वो भी सिर्फ 14 यूनिट. पहले भारत भी FGFA प्रोजेक्ट (Fifth Gen Fighter Aircraft) के तहत Su 57 प्रोग्राम का हिस्सा था.

## Su 57 लड़ाकू विमान पर सवाल

नेशनल सिक्योरिटी जर्नल में लिखते हुए डिफेंस एक्सपर्ट क्रिश्चियन ओर्र लिखते हैं कि Su 57 लड़ाकू विमान के एयरफ्रेम की फिटिंग्स में खामियां नजर आई हैं. इसके अलावा इस विमान में जिस एडवांस रडार सिस्टम और नई पीढ़ी के इंजन को लगाया गया है, वो भी अभी तक सौ फीसदी तैयार नहीं हैं. उन्होंने कहा है कि इसका मतलब है कि Su 57 आज भी सुपरक्रूज या फिर इंटीग्रेटेड नेटवर्क वॉरफेयर जैसी क्षमताओं में F 35 से कई साल पीछे है. मौजूदा समय में दुनिया के तीन देश पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाते हैं. अमेरिका के पास दो तरफ के स्टील्थ फाइटर हैं F-22 रैप्टर और F-35 लाइटनिंग II, चीन के पास J-20 और J-35 और रूस के पास सुखोई Su-57. जबकि भारत अपने एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट पर काम कर रहा है, लेकिन इसके ऑपरेशन होने में कम से कम 10 सालों का वक्त और लगेगा.

### पाक के फील्ड मार्शल का दनादन विदेशी दौरा

# अब जाएंगे भारत के दोस्त के घर

राष्ट्रबाण



**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर इस समय मुल्क के सबसे ताकतवर शख्स बन चुके हैं. वे दुनिया भर के देशों का दौरा कर रहे हैं और वहां के राष्ट्र प्रमुखों से मिल रहे हैं. मुनीर 21 जुलाई को कोलंबो का दौरा करने वाले हैं, जबकि इसके ठीक एक महीने पहले उन्होंने वॉशिंगटन का दौरा किया था, जहां वॉइट हाउस में ट्रंप ने लंच पर उनकी मेजबानी की थी. अब खबर है कि मुनीर इस महीने के अंतर में श्रीलंका की अपनी यात्रा के बाद इंडोनेशिया का दौरा करने की योजना बना रहे हैं. मुनीर का उद्येश्य सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देश के साथ द्विपक्षीय संबंधों को पुनर्जीवित करना है. खास बात है कि इन दौरों से प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को साइड-लाइन रखा जा रहा है. सूत्रों के अनुसार, जकार्ता में मुनीर प्रमुख हितधारकों से मुलाकात कर द्विपक्षीय साझेदारी को फिर से बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जो इंडोनेशिया में लोकतंत्र की जड़े जमने के बाद से ठंडी पड़ गई है. इंडोनेशिया के भारत से अच्छे रिश्ते हैं और यह आतंकवाद और क्षेत्रीय अखंडता के मुद्दे पर भारत का समर्थन करता रहा है, जिससे पाकिस्तान काफी असहज है. क्षेत्रीय अखंडता पर अपने मजबूत फोकस के अलावा इंडोनेशिया ने पापुआ न्यू गिनी में अपने अनुभव से आतंकवादी बुनियादी ढांचे और कट्टरपंथी विचारों पर नकेल कसी है.

# ट्रंप का टैरिफ लेटर म्यांमार के शासन के लिए बना सम्मान

## जनरल मिन की खुशी की वजह

राष्ट्रबाण

**नेपीडा.** डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से उनकी टैरिफ नीति दुनिया के लिए मुश्किल का सबब बन रही हैं. यहां तक कि अमेरिका के सहयोगी देश भी इससे बच नहीं पा रहे हैं. हालांकि दुनियाभर के नेताओं के सिरदर्द बनने वाला डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ लेटर म्यांमार की जुंटा सरकार के लिए राहत लेकर आया है. ट्रंप के लेटर को म्यांमार जुंटा शासन के लिए हालिया महीनों में मिली सबसे अच्छी खबर कहा जा रहा है, जो बीते कुछ महीने से विद्रोहियों के सामने बेबस दिखा है. जुंटा सरकार के हेड इस लेटर के मिलने के बाद गदगद दिख रहे हैं. सीएनएन के मुताबिक, म्यांमार की सत्ता पर काबिज जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिले टैरिफ लेटर को अपनी सरकार की मान्यता के तौर पर देखा है. भले ही अमेरिका ने इस लेटर में म्यांमार पर नए टैरिफ लगाए हैं. जनरल मिन इसे अपने संकटग्रस्त, अलग-थलग और कई आरोपों का सामना कर रहे सैन्य शासन के सम्मान की तरह पेश कर रहे हैं. म्यांमार में 2021 में नागरिक सरकार को हटाकर सत्ता हथियाने वाले सेना प्रमुख जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने कहा कि उनको नए टैरिफ के बारे में ट्रंप का पत्र प्राप्त करने का 'सम्मान' हासिल हुआ है. ह्लाइंग ने इसे अमेरिका



के साथ बातचीत के मौके की तरह देखा है क्योंकि अमेरिका और पश्चिमी देशों ने म्यांमार की सैन्य सरकार को मान्यता नहीं दी है. डोनाल्ड ट्रंप की ओर से मिन आंग ह्लाइंग सरकार को भेजे गए पत्र में अमेरिका ने म्यांमार निर्यात पर 40 प्रतिशत का टैरिफ लगाने की घोषणा की है. जाहिर तौर पर इससे म्यांमार को आर्थिक तौर पर मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है लेकिन जुंटा इस बात से खुश है कि अमेरिका ने उनकी सरकार को एक तरह से 'मान्यता' देते हुए लेटर भेजा है. जुंटा के लिए अमेरिकी सरकार का यह लेटर इसलिए खास है क्योंकि म्यांमार काफी समय से भीषण गृहयुद्ध में उलझा हुआ है. देशभर में सशस्त्र समूह जुंटा सेना से लड़ रहे हैं. इस लड़ाई में जुंटा के हाथ से कई अहम इलाके निकल गए हैं. दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र और दुनिया के मानवाधिकार समूहों ने जुंटा सेना पर युद्ध अपराध के आरोप लगाए हैं. मिन आंग ह्लाइंग ने ट्रंप का लेटर मिलने के बाद कहा कि जरूरी हुआ तो उच्च-स्तरीय वार्ता टीम को संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए जल्दी अमेरिका भेजा जाएगा.

## फास्ट ट्रैक

### हथियार डीलर संजय भंडारी को राहत

**दिल्ली.** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में भगोड़ा घोषित किए गए हथियार डीलर संजय भंडारी की संपत्ति कुर्क करने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अर्जी पर सुनवाई हुई. कोर्ट ने भंडारी को ऊपरी अदालत में फैसले को चुनौती देने के लिए समय देते हुए अगली सुनवाई 2 अगस्त तय की है. सुनवाई के दौरान संजय भंडारी के वकील ने कोर्ट से अनुरोध किया कि कोई भी आदेश पारित करने से पहले उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए. वकील ने कहा कि 5 जुलाई 2025 को संजय भंडारी को भगोड़ा घोषित किया गया है.

# कतर से इंडियन नेवी के पूर्व कमांडर की वापसी नहीं

## अभी तक लगा ट्रैवेल बैन

राष्ट्रबाण

**दोहा.** कतर की सरकार ने जब बीते साल की शुरुआत में भारतीय नौ सेना के 8 पूर्व कर्मियों की रिहाई का आदेश दिया, तो इसे नई दिल्ली की बड़ी कूटनीतिक जीत माना गया. इन पूर्व नौसैनिकों को अज्ञात मामले में मौत की सजा सुनाई गई थी. इन आठ सैनिकों को रिहा किए गए अब 17



महीने बीत चुके हैं. इनमें से सात तो भारत पहुंच गए, लेकिन आठवें कमांडर पूर्णेंदु तिवारी की अब तक कतर से वापसी नहीं हो पाई है. उन्हें कतर में अधिकारियों ने आखिरी वक्त में रोक लिया था और तब से उन पर यात्रा प्रतिबंध लगा हुआ है. पूर्णेंदु तिवारी के वापस न लौट पाने की प्रमुख वजह छह अन्य लोगों के साथ उन पर एक अलग मामले में चल रहा मुकदमा है. वित्तीय हेराफेरी के मामले में तिवारी के साथ 6 अन्य लोग हैं, जिनमें स्थानीय कतरी भी शामिल हैं. इस मामले में कुछ सुनवाइयां हो चुकी हैं. बहस भी हुई है, लेकिन अदालती कार्यवाही धीमी है. मामले की पिछली सुनवाई जून में हुई थी और अगली सुनवाई 13 अगस्त को होनी है. मामले से परिचित एक सूत्र के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात का कोई सुराग नहीं है कि इसमें कितना सयम लगेगा और कमांडर तिवारी की यात्रा पर लगा प्रतिबंध कब हटेगा.

# 2,000 साल बाद वापस आ रहा इटली का शहर

राष्ट्रबाण

**रोम.** इटली का 2,000 साल पहले पानी में डूबकर खत्म हो गया शहर फिर से दुनिया के सामने आ रहा है. एनेरिया नाम के इस शहर को ज्वालामुखी ने तबाह कर दिया था. इटली के इस्चिया द्वीप पर 180 ईस्वी में क्रेटियो ज्वालामुखी फटा था. इससे उठी प्रचंड तरंगों ने रोमन बंदरगाह शहर ऐनारिया को समुद्र में डुबो दिया. अब पानी के नीचे की सैर और चल रही खुदाई इसके आकर्षक इतिहास को फिर से सतह पर ला रही है. इटली के इस्चिया द्वीप के तट पर खोए हुए इस रोमन शहर के खंडहर फिर से दिखने लगे हैं.बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, पुरातात्विक उत्खनन और पानी के नीचे पर्यटन के जरिए इस शहर को दुनिया की नजर में वापस लाया जा रहा है. यह कार्टारोमाना की खाड़ी में स्थित खंडहर सतह के ठीक नीचे स्थित हैं. बड़ी संख्या में लोग कांच के तल वाली नाव की सवारी या स्नॉर्कलिंग से इस साइट को देख सकते हैं. यहां प्राचीन घाटों, रोमन कलाकृतियों और समुद्र तल पर संरक्षित पत्थर संरचनाएं हैं. पुरातत्वविद् डॉक्टर एलेसेंड्रा बेनिनी ने बीबीसी से कहा कि ऐसा माना जाता था कि रोमनों ने इस्चिया पर कभी कोई शहर नहीं बनाया. वास्तविकता इसके विपरीत थी.

## ज्वालामुखी ने डुबोया था हंसता-खेलता रोमन नगर



### लंबे समय से चल रही जांच

इस शहर के शुरुआती सुराग 1970 के दशक में उभरे, जब गोताखोरों को इस्चिया तट से मिट्टी के बर्तनों और सिल्लियों के टुकड़े मिले. हालांकि तब इस खोज को रफ्तार नहीं मिल सकी. साल 2011 में स्थानीय नाविकों और इतिहास में दिलचस्पी रखने वालों को बड़ी कामयाबी मिली, जब समुद्र तल के दो मीटर नीचे दबे विशाल रोमन घाट के अवशेषों को सामने आए. इसके बाद एम्फोरा, मोजाइक, सिक्के, समुद्र किनारे विला के अवशेष और लकड़ी का रोमन जहाज यहां मिला.

### घबराहट | डोभाल के बयान से बौखलाया पाकिस्तान, बातचीत की लगाई गुहार

# भारत नहीं मान रहा अंतरराष्ट्रीय कानून

राष्ट्रबाण

**इस्लामाबाद.** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दिए गया बयान पाकिस्तान को चुभ गया है. पाकिस्तान सरकार ने अपनी खीज उतारते हुए कहा है कि डोभाल ने झूठ और गलत बयानी का सहारा लिया है. दरअसल डोभाल ने शुक्रवार को कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने सटीकता के साथ पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया. दूसरी ओर भारत में इस संघर्ष के दौरान कोई नुकसान नहीं हुआ. यहां तक कि भारत में एक शीशा भी नहीं टूटा.

पाकिस्तान ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजित



डोभाल के 6-7 मई की रात को भारतीय सेना के सफलतापूर्वक टारगेट भेदने के दावे को खारिज किया है. पाक विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा, 'डोभाल का बयान जनता को गुमराह करने का प्रयास है. यह एक जिम्मेदार देश की ओर से अंतर-राष्ट्रीय मानदंडों का भी उल्लंघन हैं. पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत पर संप्रभुता के उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया है. प्रवक्ता शफकत ने कहा कि डोभाल का बयान, जिम्मेदार कूटनीति के मानकों को तोड़ता है. भारत का इस तरह सैन्य हमले का महिमामंडन करना संयुक्त राष्ट्र चार्टर का गंभीर उल्लंघन है. शफकत ने इस दौरान कहा कि भारत ने जिन लक्ष्यों को उनकी जमीन पर निशाना बनाया, वो आम नागरिकों के इलाके थे और इससे निर्दोष शहरियों की मौतें हुईं. शफकत अली खान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भारत के आक्रामक रवैये को गंभीरता से लेना होगा. वैश्विक बिरादरी को इसे रोकना चाहिए क्योंकि हम इसकी बुरा नतीजा 7 से 10 मई तक एक संघर्ष के रूप में देख चुके हैं.

## सैन्य संघर्ष से नहीं निकलेगा हल

पाकिस्तान ने डोभाल की टिप्पणी की आलोचना करते हुए यह भी कहा कि स्थायी शांति का रास्ता बातचीत और आपसी सम्मान में निहित है. पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि सैन्य संघर्ष का महिमामंडन किसी के लिए भी लाभदायक नहीं है. स्थायी शांति का मार्ग संवाद, आपसी सम्मान और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन में निहित है. भारत और पाकिस्तान के रिश्ते बीते चार महीने से तनावपूर्ण बने हुए हैं. 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से तनतानी शुरू हुई थी. 6-7 की मई की रात भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह तनाव सैन्य संघर्ष में बदल गया. 10 मई को दोनों देश सीजफायर पर राजी हुए लेकिन अभी भी दोनों ओर से आक्रामक बयानबाजी देखने को मिल रही है.

# पाक की साजिश हुई फेल

## ईरानी दूतावास ने निकाल दी प्रोपेगेंडा की हवा

राष्ट्रबाण

**तेहरान.** ईरान ने भारत के साथ अपने संबंधों को खराब करने की साजिश का खुलासा किया है. माना जा रहा है कि ये कोशिश पाकिस्तान की ओर से हो रही है, जिसकी हवा ईरान ने निकाल दी है. भारत स्थित ईरान के दूतावास ने सोशल मीडिया पर बताया है कि खुद को तेहरान से जुड़ा बता रहे कुछ न्यूज चैनल फर्जी खबरें चला रहे हैं. इनकी कोशिश भारत और ईरान के संबंध खराब करने की है. सोशल मीडिया पर डेली ईरान न्यूज नाम के अकाउंट से कश्मीर और ताइवान का नक्शा शेयर किया गया है. इसे शेयर करते हुए कहा गया है कि कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा है और ताइवान चीन का पार्ट है. इसके बाद पूछा गया है कि क्या आप भी इससे सहमत हैं. इसके अलावा दूसरे कई अकाउंट में ईरानी झंडे की डीपी लगातार भारत सरकार, नरेंद्र मोदी और कश्मीर को लेकर विवादित टिप्पणी की गई हैं. नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास ने ऐसे कई अकाउंट के स्क्रीनशॉट शेयर किए हैं, जो भारत विरोधी हैं. इनमें खासतौर से भारत सरकार की




आलोचना की गई है. इन तस्वीरों को शेयर करते हुए दूतावास ने लिखा है कि ईरान के नाम से कुछ फर्जी चैनल ईरान-भारत संबंधों को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं. हम साफ करना चाहते हैं कि यह अकाउंट ईरान के नहीं है. पाकिस्तान की ओर से हालिया समय में लगातार इस तरह के प्रोपेगेंडा किए गए हैं, जिससे भारत के दूसरे देशों के साथ संबंध खराब हों. खासतौर से ऑपरेशन सिंदूर के बाद ये कोशिशें शुरू हुई हैं. ईरान और इजरायल की हालिया लड़ाई के बाद भी पाकिस्तान की सोशल मीडिया पर इस तरह की बातें कही गईं कि भारत इस युद्ध में इजरायल के साथ खड़ा हुआ और उसने तेहरान को धोखा दे दिया.

# धर्मांतरण कर आरक्षण का लाभ तो एक्शन

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि आरक्षण का लाभ केवल उसी धर्म में रहकर ही लिया जा सकता है, जिस धर्म में उन्हें आरक्षण का लाभ मिला है. यदि कोई व्यक्ति धर्मांतरण करके भी आरक्षण का लाभ ले रहा है, तो वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है. ऐसे मामलों में राज्य सरकार कार्रवाई करेगी. विधानसभा में बीजेपी के विधायक गोपीचंद पडलकर ने जबरन धर्मांतरण के मामलों को लेकर सरकार का ध्यान खींचा, जिस पर जितेंद्र आव्हाड सहित अन्य विधायकों ने भाग लिया.

**अवैध लाउडसपीकर्स के लिए एसओपी**

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने अवैध लाउडस्पीकरों पर नियंत्रण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की है. उन्होंने मुंबई पुलिस को इस कार्य को बिना किसी टकराव के पूरा करने के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया.

**बीजेपी विधायक गोपीचंद पडलकर ने उठाया मुद्दा**

फडणवीस ने महाराष्ट्र विधानसभा में एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर बात की. उन्होंने जबरन या प्रलोभन देकर धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून लाने का आश्वासन दिया. यह मुद्दा भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर ने विधानसभा में उठाया था, जिसमें उन्होंने धर्मांतरण के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए सख्त कानून की मांग की थी.

फडणवीस ने बताया कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, और इसके आधार पर जल्द ही विधायी कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इस संवेदनशील मुद्दे को गंभीरता से ले रहे हैं. धर्म की स्वतंत्रता की रक्षा करते हुए, जबरदस्ती या लालच के जरिए धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे. यह कानून धर्मांतरण के दुरुपयोग को रोकने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा.महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई में 1608 अवैध लाउडस्पीकर हटाए गए हैं. जो लाउडस्पीकर हटाए गए हैं, उनमें 1049 मस्जिदों, 48 मंदिरों, 10 चर्चों, 8 गुरुद्वारों और 147 अन्य स्थान शामिल हैं. इसके साथ ही उन्होंने एक और बड़ा बयान दिया. सीएम ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा में जबरन या प्रलोभन देकर धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून लाने का आश्वासन दिया. पूरे महाराष्ट्र में 3367 लाउडस्पीकर हटाए गए हैं. इस कार्रवाई के लिए गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में जमा की, जिस पर कोर्ट ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी. फडणवीस ने मुंबई पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि बिना किसी विवाद या एक भी एफआ-ईआर दर्ज किए यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत शांतिपूर्ण ढंग से की गई.

### अवैध धर्म परिवर्तन पर सख्त कानून



### धर्मांतरण के खिलाफ कानून पर क्या कहा

विधायकों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जबरदस्ती या प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराना एक आपराधिक कृत्य है ऐसे मामलों को रोकने के लिए और अधिक कठोर कानून बनाया जाएगा. राज्य के पुलिस महासंचालक की अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हुई है और उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार, आरक्षण का लाभ लेने वाले व्यक्ति को उसी धर्म में रहना होगा, जिस धर्म में वह लाभ प्राप्त हुआ था.सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए ऐसे मामलों में कार्रवाई करेगी. कुछ मामलों में यह पाया गया है कि लोग धर्म बदलकर भी आरक्षण का लाभ उठा रहे है, जो कि आदेश का उल्लंघन है.

## 14,500 से अधिक महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण

### सरकार के खुलासे से मचा हड़कंप !

राष्ट्रबाण



**हिंगोली.** महाराष्ट्र में कुछ ऐसा हुआ जिससे अचानक स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है. हिंगोली जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित 'संजीवनी योजना' के तहत किए गए कैंसर जांच अभियान में 14,500 से अधिक महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण पाए गए हैं. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आंबितकर ने गुरुवार (10 जुलाई) को विधानसभा में यह जानकारी देते हुए बताया कि 8 मार्च से अब तक कुल 2,92,996 महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें एक प्रश्नावली के माध्यम से कैंसर से संबंधित लक्षणों की जानकारी एकत्र की गई.स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इन जांचों में 14,542 महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण पाए गए हैं. पीटीआई के अनुसार, इन मामलों में अब तक 3 महिलाओं में गर्भाशय का कैंसर, 1 में स्तन कैंसर और 8 में मुख का कैंसर प्रमाणित हुआ है. मंत्री ने यह भी कहा कि यह विशेष अभियान हिंगोली के जिला कलेक्टर की पहल पर शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य शुरुआती स्तर पर कैंसर की पहचान कर समय पर इलाज सुनिश्चित करना है.हालांकि, सरकार की ओर से फिलहाल महिलाओं के लिए अलग से कैंसर अस्पताल की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है. लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर की पहचान के लिए स्वास्थ्य शिविर और स्क्रीनिंग जारी हैं.

## टिंडर पर दोस्ती का झांसा

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** मुंबई में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिंडर पर दोस्ती कर लूटने वाले गिरोह का मीरा भायंदर पुलिस के एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने भंडाफोड़ किया. आज के समय में साइबर अपराध दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं.

लेकिन साइबर फ्रॉड के बीच टिंडर ऐप, जो कि एक डेटिंग ऐप है, पर प्यार की तलाश करने वाले लोगों को पहले प्यार के झांसे में फंसाकर लूटने वाले ग्रुप का मीरा भायंदर-वसई-विरार पुलिस के एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने भंडाफोड़ किया है.इस रैकेट में शामिल और प्यार का झांसा देकर लोगों को फंसाने वाले आरोपी सागर रावल (26), ऋषभ शिंदे (25), पाजी, सोनू शेख और एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. मीरा भायंदर में रहने वाले एक व्यक्ति की टिंडर ऐप पर एक लड़की से जान-पहचान हुई. सागर रावल ने महिला के नाम से टिंडर पर अकाउंट बनाया और उसी अकाउंट से वह पीड़ित शिकायतकर्ता से बातचीत करने लगा. एक दिन चैटिंग के दौरान युवक को एक कॉफी शॉप में कॉफी पीने के लिए बुलाया गया, जहां शिकायतकर्ता की मुलाकात उस महिला से हुई.इसी समय महिला ने शिकायतकर्ता से कहा कि उसके घर पर कोई नहीं है और वह बहुत अच्छा मसाज करती है. महिला की बातों में आकर शिका-यतकर्ता उसके घर चला गया. कमरे के अंदर जाते ही महिला ने पीड़ित युवक को कपड़े उतारने के लिए कहा.

### दुर्लभ प्रजातियों के खरगोश-तोते और कछुए जब्त

## एयरपोर्ट पर वन्यजीव तस्करी का भंडाफोड़

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** मुंबई कस्टम्स ज़ोन-III के एयरपोर्ट कमिश्नरेट अधिकारियों ने 10 और 11 जुलाई की दरम्यानी रात छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर-राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो अलग-अलग मामलों में दुर्लभ और संरक्षित वन्य जीवों की तस्करी का पर्दाफाश किया है. अधिकारियों ने इन मामलों में दो विदेशी यात्रियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से जीवित और मृत जानवरों को बरामद किया है. यह कार्रवाई कस्टम अधिनियम, 1962 तथा वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत की गई.

**आरोपी ने तस्करी और बरामदगी का भी किया स्वीकार**

सभी वन्यजीव प्रजातियों की तस्वीरें ली गईं और उन्हें क्षेत्रीय उप निदेशक, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, पश्चिमी क्षेत्र को भेजा गया. अभियुक्त सुहैल अहमद ने अपने स्वैच्छिक बयान में पकड़े गए जानवरों की जानकारी दी, साथ ही उनके कब्जे, संचालन, छुपाने, तस्करी और बरामदगी का भी स्वीकार किया. पहले मामले में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, बैंकॉक से मुंबई आए एक यात्री को रोका गया.यात्री को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है. तो वहीं दूसरे मामले में एक अन्य यात्री, जो बैंकॉक से मुंबई आया था, को रोककर उसके हरे रंग के ट्रॉली बैग की जांच की गई. इस यात्री को भी गिरफ्तार किया गया और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की गई.मुंबई कस्टम्स ज़ोन-III ने लगातार सतर्कता और सटीक खुफिया जानकारी के चलते वन्यजीव तस्करी की इन कोशिशों को विफल किया.

### उसमें से निम्न वन्य जीव पाए गए:

- सुमात्रन स्ट्राइप्ड खरगोश (Nesolagus netscheri) – 2
- ग्रेट बिल्ड पैरेट / मोलुक्कन तोता – 1 (मृत)
- इंडोचाइनीज बॉक्स टर्टल (Cuora galbinifrons) – 1



## नाबालिग बहन से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की जेल

राष्ट्रबाण

**ठाणे.** महाराष्ट्र के ठाणे ज़िले की एक अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी 15 वर्षीय बहन को कई बार धमकाने और बलात्कार करने के जुर्म में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी.कल्याण अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पीआरअष्टुरकर ने 32 वर्षीय आरोपी को 2015 में हुए अपराध के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2) और 506(2) (आपराधिक धमकी) के तहत दोषी पाया. 2 जुलाई को पारित आदेश की एक प्रति शुक्रवार को उपलब्ध कराई गई.

## जयंत पाटिल ने NCP-SP के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

राष्ट्रबाण

मुंबई. शरद पवार की एनसीप में बड़ा फेरबदल हुआ है. जयंत पाटील ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. वहीं, शरद पवार ने अब शशिकांत शिंदे को पार्टी का नया अध्यक्ष बनाया है. शशिकांत शिंदे मंगलवार (15 जुलाई) को कार्यभार संभालेंगे. हाल ही में जयंत पाटील ने पार्टी प्रमुख शरद पवार से मांग की थी कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के पद से मुक्त किया जाए. उन्होंने 10 जून को पार्टी की वर्षगांठ पर ही इस्तीफा देने की इच्छा जताई थी.

**कौन हैं शशिकांत शिंदे?**

एनसीपी शरद पवार गुट के नए प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे, शरद पवार के बेहद भरोसेमंद नेता माने जाते हैं. शशिकांत शिंदे सतारा के कोरेगांव विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं. वे इस क्षेत्र से दो बार के विधायक रहे हैं. शशिकांत शिंदे को मराठी कार्यकर्ताओं का नेता भी माना जाता है. 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने सतारा सीट से चुनाव लड़ा था. हालांकि, उदयनराजे भोसले के सामने वे हार गए थे.

एनसीपी-शरद पवार का प्रदेश अध्यक्ष पद मिलने की खबर मिलते ही शशिकांत शिंदे ने एबीपी माझा से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर अभी नाम तय नहीं हुआ है, पवार साहब, सुप्रिया ताई, जयंत पाटील जो भी फैसला लेंगे, वो स्वीकार्य होगा. उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को पार्टी की बैठक है. कुछ नामों पर चर्चा हो रही है, जिसमें उनका नाम भी शामिल है. अगर उनके नाम पर सहमति बनती है तो वे निश्चित रूप से काम करेंगे. शशिकांत शिंदे ने आगे कहा, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि और किन लोगों के नाम चर्चा में हैं. मैंने आपसे सुना है.

### नए चेहरों को मौका देने की अपील



जयंत पाटील ने कहा, पवार साहब ने मुझे बहुत मौके दिए. उन्होंने मुझे सात साल का कार्यकाल दिया. आखिरकार, पार्टी को नए चेहरों को मौका देना ही होगा. मैं आप सबके सामने निवेदन करूंगा कि आखिरकार पार्टी पवार साहब की ही है. उन्हें इस पर सही फैसला लेना चाहिए. हमें अभी बहुत आगे जाना है.

## किसान की स्कूल संचालक ने की हत्या

### बेटी की फीस वापस मांगने गया था

राष्ट्रबाण



**परभणी.** महाराष्ट्र के परभणी जिले में दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां एक किसान को अपनी बेटी की फीस वापसी और ट्रांसफर सर्टिफिकेट मांगना महंगा पड़ गया. स्कूल प्रशासन से बहस के बाद किसान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. इस मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.एजेंसी के अनुसार, यह घटना परभणी जिले के पूरना तहसील के जीरो फाटा इलाके की है. यहां 42 वर्षीय किसान जगन्नाथ हेंगड़े अपनी बेटी की स्कूल फीस वापस लेने और ट्रांसफर सर्टिफिकेट की मांग को लेकर एक रेजिडेंशियल स्कूल पहुंचे थे. वहां उनकी मुलाकात स्कूल संचालक और उसकी पत्नी से हुई, जो एक राजनीतिक पार्टी से जुड़ी बताई जा रही हैं.पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हेंगड़े की स्कूल संचालक दंपती से फीस के बकाया भुगतान को लेकर तीखी बहस हुई. बहस इतनी बढ़ गई कि स्कूल संचालक और उसकी पत्नी ने मिलकर किसान की बुरी तरह पिटाई कर दी.

## 'मराठी मानुष के लिए 20 प्रश घर आरक्षित हों'

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** महाराष्ट्र में भाषा विवाद अब एक नई करवट लेता नजर आ रहा है. अब मराठी भाषी लोगों के लिए अगल से आरक्षण की मांग की जा रही है. शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के विधायकों ने शुक्रवार (11 जुलाई) को महाराष्ट्र सरकार से मांग की कि मुंबई की इमारतों में मराठी भाषी लोगों के लिए 20 प्रतिशत मकानों को आरक्षित किया जाए. विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे और पार्टी नेता मिलिंद नार्वेकर ने इस संबंध में एक पत्र शिवसेना शिंदे गुट के मंत्री शंभूराज देसाई को सौंपा.

**मुंबई में मराठी मानुष के लिए 20% आरक्षण- शिवसेना UBT**

मिलिंद नार्वेकर ने एक्स पर इस पत्र को शेयर किया है. उन्होंने पोस्ट करते हुए कहा, "हम मांग करते हैं कि हर बिल्डिंग में मुंबई में मराठी मानुष के लिए 20 प्रतिशत घर आरक्षित किए जाएं." पीटीआई के अनुसार, इसके पहले गुरुवार (10 जुलाई) को विधान परिषद में उन्होंने पूछा था कि क्या किसी सामाजिक संगठन ने मराठी लोगों के लिए 50 प्रतिशत घर आरक्षित करने की मांग की थी, और क्या सरकार ने इस पर कोई निर्णय लिया है.इस पर जवाब देते हुए उप-मुख्यमंत्री और आवास मंत्री एकनाथ शिंदे ने लिखित उत्तर में बताया कि उनके विभाग को इस संबंध में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है.

### उद्धव ठाकरे गुट ने कर दी बड़ी मांग

### मंत्री शंभूराज देसाई ने किया कटाक्ष



वहीं उनकी ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे खनन मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा कि जब 2019 से 2022 तक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में महा विकास आघाड़ी सरकार सत्ता में थी, तब भी इस तरह का कोई कानून नहीं लाया गया था. देसाई ने कटाक्ष करते हुए कहा, "आपने उस समय यह कदम नहीं उठाया था, और यह अब रिकॉर्ड पर है. आपकी मराठी मानुष के प्रति प्रेम की भावना नकली और खोखली है." इस राजनीतिक बहस ने मराठी अस्मिता और मुंबई में स्थानीय लोगों के अधिकारों को लेकर एक बार फिर चर्चा को तेज कर दिया है.

## राज ठाकरे जाएंगे मीरा रोड

### महाराष्ट्र और देश की नजरें टिकीं

राष्ट्रबाण



**मुंबई.** पूरे महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से मीरा-भायंदर शहर चर्चा का विषय बना हुआ है. इसके पीछे की वजह भी यही है. महाराष्ट्र खासकर मुंबई में मराठी और अमराठी के बीच विवाद छिड़ गया है. मीरा रोड के एक व्यापारी की मनसे कार्यकर्ताओं ने मराठी के मुद्दे पर पिटाई कर दी. मनसे का कहना है कि महाराष्ट्र में रहने और व्यापार करने के लिए मराठी बोलना अनिवार्य है. कुछ अमराठी लोगों ने मनसे के इस रुख पर आपत्ति जताई. एक व्यापारी ने मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे को सीधे तौर पर चुनौती दी थी कि वह मराठी नहीं बोलेंगे. इस पर बड़ा विवाद छिड़ने के बाद इस व्यापारी ने सार्वजनिक रूप से राज ठाकरे से माफी मांगी थी. दूसरी ओर मीरा भायंदर में बड़ा हंगामा देखने को मिला. मीरा भायंदर में मनसे कार्यकर्ताओं की ओर से एक व्यापारी की पिटाई के बाद वहां के व्यापारियों ने इस घटना पर आपत्ति जताई. मीरा रोड के व्यापारियों ने संबंधित व्यापारी के समर्थन में शहर बंद का आह्वान किया. इतना ही नहीं व्यापारियों ने शहर में एक बड़ा मार्च भी निकाला. इस मार्च ने हिंदी और मराठी भाषियों के बीच बहस को फिर से सुलगा दिया. इस मार्च के जवाब में मनसे और शिवसेना ठाकरे गुट और महाराष्ट्र एकीकरण समिति की ओर से एक संयुक्त मार्च निकालने का निर्णय लिया गया था. लेकिन पुलिस ने इस मार्च को रोक दिया.

## AC वायरिंग के करंट से 10वीं के छात्र की मौत

### बैडमिंटन खेलते समय हुआ हादसा

राष्ट्रबाण



**मुंबई.** मुंबई से सटे नायगांव में एसी वायरिंग के करंट से दसवीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई. यह हादसा बैडमिंटन खेलते समय हुआ. मृतक छात्र सोसायटी के अंदर अपने दोस्तों के साथ बैडमिंटन खेल रहा था. इस बीच उनकी शटलकॉक पहली मंजिल पर बने घर की खिड़की में फंस गई. छात्र शटलकॉक निकालने के लिए खिड़की पर चढ़ा. इसी बीच उसे करंट लग गया और वह खिड़की से चिपक गया. छात्र के एक दोस्त ने उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन करंट के झटके से दोनों दूर गिर गए. इसके बाद बीका लड़के भी आए, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी.घटना मुंबई से सटे नायगांव के एक कॉम्प्लेक्स की है. शुक्रवार की शाम कुछ बच्चे सोसाइटी के अंदर बैडमिंटन खेल रहे थे. 15 साल का 10वीं कक्षा का छात्र आकाश संतोष साहू भी दोस्तों के साथ खेल रहा था. इसी बीच शटल निकालने के चक्कर में उसकी मौत हो गई. इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी समाने आया है. ऐसा बताया जा रहा है कि 10वीं का छात्र आकाश शाम करीब 7 बजे सोसाइटी कंपाउंड में अपने दोस्तों के साथ बैडमिंटन खेल रहा था. इस दौरान शटलकॉक पहली मंजिल पर स्थित एक फ्लैट की खिड़की में फंस गई.

## महाराष्ट्र में होम्योपैथ वाले नहीं कर सकेंगे एलोपैथ की प्रैक्टिस

### विवाद के बाद फडणवीस सरकार ने आदेश लिया वापस

राष्ट्रबाण



**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया था. सरकार ने होम्योपैथी डॉक्टरों को आधुनिक दवाइयां लिखने की अनुमति देने का निर्णय लिया था. अब सरकार इस फैसले से पीछे हट गई है. सरकार ने एक 7 सदस्यों की कमेटी बनाई है. यह कमेटी दो महीने में इस मामले पर फैसला करेगी. दिलचस्प बात यह है कि इस मामले में न तो होम्योपैथी डॉक्टरों और न ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) के डॉक्टरों ने कहा है कि अगर फैसला उनके पक्ष में नहीं आता है तो वे कमेटी का निर्णय मानेंगे. दोनों ही पक्ष कमेटी के फैसले से सहमत नहीं हैं. कमेटी में चिकित्सा शिक्षा विभाग, आयुष निदेशालय, महाराष्ट्र स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के अधिकारी शामिल हैं. इसके साथ ही आधुनिक चिकित्सा और होम्योपैथी परिषदों के रजिस्ट्रार भी कमेटी में होंगे.IMA के प्रमुख संतोष कदम ने कहा कि यह मामला समस्या की जड़ को चुनौती देता है. उन्होंने 2014 में महाराष्ट्र होमियोपैथिक प्रैक्टिशनर्स एक्ट और महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल एक्ट 1965 में हुए संशोधन पर सवाल उठाया. ये संशोधन अभी भी बॉम्बे हाई कोर्ट में लंबित हैं. कदम ने कहा कि कमेटी इस विषय पर विचार कर सकती है, लेकिन अगर उनका फैसला जनहित के खिलाफ होगा तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा.

### क्या बोला होम्योपैथिक काउंसिल

महाराष्ट्र होम्योपैथिक काउंसिल के प्रशासक बाहुबली शाह ने कहा कि कमेटी पर कोई भरोसा नहीं है क्योंकि इसमें कोई भी होम्योपैथी डॉक्टर नहीं है. उन्होंने कमेटी में एक क्लर्क को रख दिया है. शाह का कहना है कि कमेटी में होम्योपैथी के जानकार होने चाहिए थे. पिछले 10 दिनों से मेडिकल समुदाय में इस बात को लेकर चिंता थी कि होम्योपैथी डॉक्टरों को एक साल के फार्माकोलॉजी कोर्स के आधार पर आधुनिक दवाइयां लिखने की अनुमति दी जा रही है.

**सफलता** सीएम फडणवीस ने पीएम मोदी का आभार जताया

## शिवाजी महाराज के किले UNESCO की लिस्ट में शामिल

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** छत्रपती शिवाजी महाराज काल के 12 किलों को यूनेस्को ने अपनी वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स की लिस्ट में शामिल किया है. इसे लेकर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है. देवेंद्र फडणवीस ने इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि यह पीएम मोदी के प्रयासों का परिणाम है. बता दें कि यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में महाराष्ट्र के 12 किलों को शामिल किया है, जिसमें रायगड, राजगड, प्रतापगड, पन्हाला, शिवनेरी, लोहगड, साल्हेर, सिंधुदुर्ग, विजयदुर्ग, सुवर्णदुर्ग, खांदेरी और तमिलनाडु का एक जिंजी किला शामिल है.

**क्या बोले सीएम देवेंद्र फडणवीस**

महाराज ने स्वराज्य के लिए इन किलों का निर्माण कराया था. 17वीं और 19वीं शताब्दी के बीच विकसित, ये किले हमारे राजा द्वारा परिकल्पित एक असाधारण दुर्ग और सैन्य व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करते हैं. किलों का यह असाधारण नेटवर्क, जो पदानुक्रम, पैमाने और प्रतीकात्मक विशेषताओं में भिन्न है, भारतीय प्रायद्वीप में सह्याद्री पर्वत श्रृंखलाओं, कोंकण तट, दक्कन पठार और पूर्वी घाटों के विशिष्ट भूदृश्य, भूभाग और भौगोलिक विशेषताओं के एकीकरण का परिणाम है. यह 'उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य' है. इस उपलब्धि तक पहुँचने में अनेक लोगों का योगदान रहा. सबसे पहले, मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करना चाहूंगा. उनका सहयोग और केंद्र सरकार की सक्रिय भागीदारी अत्यंत मूल्यवान रही. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और संस्कृति मंत्रालय ने इसमें बहुत मदद की. मैंने व्यक्तिगत रूप से विभिन्न राजदूतों से संपर्क किया. मेरे सहयोगी, डीसीएम एकनाथ शिंदे जी, डीसीएम अजित दादा पवार ने भी समय-समय पर मेरा सहयोग किया.



### सीएम देवेंद्र फडणवीस का ट्वीट

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण. महाराष्ट्र सरकार हमारे प्रिय छत्रपति शिवाजी महाराज को नमन करती है. महाराष्ट्र के सभी नागरिकों और शिवभक्तों को हार्दिक बधाई. छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किले यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल. मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमारे महानतम राजा, छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है.

## रोहित पवार के खिलाफ ED ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट

### महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले में एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार और कुछ अन्य के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है. यह चार्जशीट मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 के तहत मुंबई की विशेष अदालत में दायर की गई है. सूत्रों के अनुसार, कोर्ट ने अभी चार्जशीट पर संज्ञान नहीं लिया है.चार्जशीट दाखिल किए जाने से पहले, ईडी ने रोहित पवार की कंपनी बारामती एग्रो की 50 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां अटैच की थीं. ईडी ने जनवरी 2023 में रोहित पवार के ठिकानों, बारामती एग्रो सहित कई स्थानों पर छापेमारी की थी. इसके बाद करजात-जामखेड़ से एनसीपी विधायक रोहित पवार को पूछताछ के लिए ईडी के मुंबई कार्यालय बुलाया गया था.मार्च 2023 में ईडी ने बारामती एग्रो की 50.20 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की थी. इसमें औरंगाबाद के कन्नड़ में स्थित 161.30 एकड़ ज़मीन, एक शुगर मिल, मशीनरी और भवन शामिल थे.

कोर्ट

# 'भुज' की हीरोइन रोशनी वालिया के पीछे क्यों दीवाने अजय



अजय देवगन जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' के साथ थिएटर में दस्तक देने वाले हैं. हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है. फिल्म में मृणाल ठाकुर एक्टर के साथ लीड रोल में हैं.इस फिल्म में रोशनी वालिया भी शामिल हैं. फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान रोशनी को इमोशनल होते देखा गया. इसकी वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि इस फिल्म में होना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है.रोशनी ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत की थी.



उन्हें कई छोटे पर्दे के शो में देखा गया है. चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर उन्होंने महाराणा प्रताप में नन्ही राजकुमारी अजबदे का रोल निभाया था.एक्ट्रेस ने 'बालिका वधू: कच्ची उम्र के पक्के रिश्ते', 'देवों के देव महादेव' जैसे और कई फेमस सीरियल में भी दिख चुकी हैं. साथ ही वो कॉमेडियन कपिल शर्मा की फिल्म फिरंगी में भी काम कर चुकी हैं.साल 2019 में रोशनी की फिल्म आई एम बन्नी रिलीज हुई थी, जिसकी 2 साल बाद यानी साल 2021 में कान्स फिल्म फेस्टिवल 2021 में स्क्रीनिंग की गई. उस वक्त एक्ट्रेस ने इसके लिए अपनी खुशी जाहिर की थी.फिल्मों और सीरीयल के साथ ही रोशनी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं. एक्ट्रेस के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर 3 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं. रोशनी 'माय फ्रेंड गणेशा-3' और 'मछली जल की रानी है' में नजर आई थीं. 'सन ऑफ सरदार 2' की बात करें, तो 13 साल बाद इस सीक्वल पार्ट को लेकर ऑडियंस काफी एक्साइटेड हैं. ये फिल्म 25 जुलाई, 2025 को रिलीज होगी. फिल्म में कुछ पुरानी कास्ट भी शामिल है.

# भगवान शिव का रोल निभाने वाला ये एक्टर है करोड़पति



रणबीर कपूर की 900 करोड़ी फिल्म 'रामायण' की पहली झलक सामने आने के साथ ही ग्लोबल लेवल पर इसकी चर्चा शुरू हो गई है. इसकी पहली झलक नेदर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दी थी. रामायण की पूरी कास्ट का भी खुलासा हो चुका है. रणबीर जहां रामायण में भगवान श्री राम की भूमिका में हैं, तो वहीं साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभा रही हैं. रावण बने हैं कन्नड़ स्टार यश.दिग्गज एक्टर सनी देओल हनुमान जी की भूमिका में नजर आएंगे. वहीं रिपोर्ट की मानें तो भगवान शिव का किरदार निभाएंगे टीवी के पॉपुलर अभिनेता मोहित रैना. छोटे पर्दे पर भगवान शिव के किरदार में नजर आ चुके मोहित अब बड़े पर्दे पर फिर से इसी अवतार में नजर आएंगे. आइए आज जानते हैं कि रामायण में महादेव बनने वाले मोहित कितने अमीर हैं और उनकी हर दिन की कमाई कितनी है?मोहित का जन्म जम्मू कश्मीर में 14 अगस्त 1982 को हुआ था. 42 साल के हो चुके मोहित ने एक्टिंग करियर की शुरुआत साल 2004 के टीवी सीरियल 'अंतरिक्ष' से की थी. इसके बाद 2008 में उन्होंने बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म 'डॉन मुथु स्वामी' में काम किया था. फिर 'चेहरा' (2009) और 'गंगा की धीज' (2010) जैसे टीवी सीरियल्स में भी नजर आए. हालांकि उन्हें असली और खास पहचान 2011 के सीरियल 'देवों के देव महादेव' से मिली थी. भगवान शिव का किरदार निभाकर वो घर-घर में लोकप्रिय हो गए थे. मोहित 'काफिर' और 'मुंबई डायरीज' नाम की वेब सीरीज में भी काम कर चुके हैं.

# संजय दत्त ने डायरेक्टर से जताई नाराजगी



संजय दत्त फिल्मी दुनिया का बड़ा नाम हैं, जल्द ही वो ध्रुव सरजा की अपकमिंग फिल्म "केडी: द डेविल" में नजर आने वाले हैं. इस फिल्म में एक्टर की भूमिका काफी अहम है. फिलहाल फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसका इवेंट मुंबई में ऑर्गेनाइज किया गया. इस इवेंट के दौरान संजय दत्त ने साउथ सुपरस्टार थलपति विजय के साथ फिल्म में काम करने का अपना एक्सपीरियंस शेयर किया. साथ ही उन्होंने फिल्ममेकर लोकेश कनगराज के खिलाफ नाराजगी भी दिखाई है.संजय दत्त, थलपति विजय के साथ फिल्म लियो में नजर आए थे. ये फिल्म 2023 में रिलीज हुई थी, जिसे लोकेश कनगराज ने की थी. संजय दत्त ने अपनी अपकमिंग फिल्म "केडी: द डेविल" के टीजर लॉन्च इवेंट के दौरान अपनी फिल्म लियो के बारे में बात की. उन्होंने थलपति के साथ फिल्म करने के बारे में बात करते हुए कहा कि मैंने लियो में थलपति विजय के साथ काम किया था और मुझे उनके साथ काम करके बहुत अच्छा लगा.साथ ही एक्टर ने फिल्ममेकर के बारे में बात करते हुए बताया कि उन्हें लोकेश से नाराजगी है. संजय दत्त ने कहा कि मैं लोकेश से नाराज हूं क्योंकि उन्होंने मुझे कोई बड़ा रोल नहीं दिया. उन्होंने मुझे एक एक्टर के तौर पर अच्छे से इस्तेमाल नहीं किया. फिल्म में संजय दत्त थलपति के पिता का रोल निभा रहे थे. हालांकि, संजय दत्त ने लियो में काफी कम वक्त का ही सीन किया है, लेकिन लोगों को वो उस रोल में काफी पसंद आए थे.

# ये रिश्ता में अभिरा के बाद मायरा भी होगी गायब



सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है की कहानी में इस समय काफी उठापटक देखने को मिल रही है. अरमान खुद को गीतांजलि को शादी के सपने दिखा चुका है. दूसरी तरफ अरमान कोशिश कर रहा है कि अभिरा अंशुमन के साथ शादी न करे. अरमान अब अपने ही बिछाए जाल में बुरी तरह से फंस गया है. अरमान को समझ ही नहीं आ रहा है कि उसे क्या करना चाहिए. यही वजह है जो वो न चाहते हुए भी अभिरा की तरफ बार बार खींचा चला जा रहा है. सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है की कहानी में अब तक आपने देखा, अरमान कृष की परिवार के सामने धज्जियां उड़ा देता है. वहीं परिवार के लोग अंशुमन और अभिरा की सगाई में खूब रंग जमाने हैं. यहां भी अरमान अभिरा के आगे पीछे डोलता है. इसी बीच सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है की कहानी में एक धमाकेदार ट्विस्ट आने वाला है.सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है के आने वाले एपिसोड में आप देखेंगे, सगाई के बाद परिवार के लोग अभिरा अंशुमन की हल्दी मेहंदी की रस्म का आयोजन करेंगे. इस दौरान अभिरा अचानक ही रस्म के बीच से गायब हो जाएगी. ये खबर फैसले ही अभिरा अंशुमन के परिवार के लोग घबरा जाएंगे.

मायरा के गायब होते ही अभिरा की हालत खराब होने वाली है. हालांकि जल्द ही अभिरा अपनी बेटी को तलाश लेगी. मायरा को देखकर अभिरा बहुत रोने वाली है. अभिरा मायरा को बताएगी कि वो अपनी पूकी को कितना मिस करती है.मायरा और अभिरा को साथ देखकर गीतांजलि को जोरदार मिर्ची लगने वाली है. अभिरा के आते ही मायरा और अरमान पर गीतांजलि अपना हक जताना शुरू कर देगी.

# 'धड़क 2' ट्रेलर फिर प्रेम पर भारी पड़ेगा जातिवाद

धर्मा प्रोडक्शन की मच अवेटेड फिल्म 'धड़क 2' का आखिरकार ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में लीड एक्ट्रेस के तौर पर तृप्ति डिमरी दिखाई दे रही हैं तो वहीं लीड एक्टर के तौर पर सिद्धांत चतुर्वेदी लोगों का दिल जीतते नजर आ रहे हैं। फिल्म में दोनों की केमिस्ट्री और खूबसूरत लव एंगल देखने को मिल रहा है। धड़क 2 के ट्रेलर में सिर्फ प्यार ही नहीं बल्कि रोमांस, जात-पात के साथ ही लड़ाई झगड़ा भी देखने को मिल रहा है।




फिल्म की शुरुआत में ही जात पात में अंतर देखने को मिलता है। एक लड़का जो कॉलेज में आता है उसे एक लड़की से प्यार हो जाता है, लेकिन जाति अलग होने की वजह से ना तो लड़के को कॉलेज में खास जगह मिल पाती है और ना ही लड़की के परिवार वालों के दिलों में। बात यहां तक पहुंच जाती है कि लड़के को मरवाने के लिए कई पैंतरे तक अपनाए जाते हैं। यहीं लड़के के पिता उसे समझाते हैं कि मरना या लड़ना हो तो हमेशा लड़ने का ऑप्शन चुनना चाहिए। इसके बाद सिद्धांत चतुर्वेदी का एक्शन अवतार देखने को मिलता है, लेकिन ट्रेलर के अंत में लड़के को रेल की पटरी से बांध दिया जाता है वहीं सामने से तेजी से ट्रेन आ रही होती है। यह सब देखकर लड़का जोर-जोर से चिल्लाने लगता है और इसी सस्पेंस में ट्रेलर खत्म होता है। इस फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद लोगों के अलग-अलग रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं जहां एक यूजर ने फिल्म की भर-भर के तारीफ की है। वहीं दूसरे ने कहा- धर्मा प्रोडक्शन हमेशा एक ही कहानी के आगे पीछे घूमता है। आजकल अन्य कास्ट में शादियों में वृद्धि हो रही है, लेकिन यह आपके एजेंडे पर काम नहीं करता। वहीं दूसरे ने लिखा- कमाल कर दिया सिद्धांत और तृप्ति ने। वहीं तीसरे यूजर ने लिखा-बकवास तो वहीं चौथे यूजर लिखा- फाइनली धर्मा प्रोडक्शन ने मिडिल क्लास के प्यार को दिखा दिया।

# सलमान-सनी समेत ये 4 सितारे लेकर आएंगे देशप्रेम की कहानी



साल 2025 की शुरुआत में कई देशभक्ति फिल्में रिलीज हुई थी, जिसमें स्काई फोर्स और इमरजेंसी का नाम शामिल है. फिल्मों में कई तरह के जॉनर होते हैं, जिसमें कॉमेडी, हॉरर, एक्शन, जैसे कई और शामिल हैं. लेकिन जब पेट्रियोटिक फिल्म की बात करें, तो लोगों को ऐसी फिल्में काफी पसंद आती है. आने वाले महीने में ऐसी ही कुछ कहानियां हमारे सामने आने वाली हैं, जो कि दर्शकों को अनोखी जिंदगियों के साथ देशभक्ति की भी सीख देकर जाएगी. जिन अपकमिंग देशभक्ति फिल्मों की हम बात करने वाले हैं, उनमें इंडियन आर्मी की कहानियों का जिक्र किया गया. इसमें अनुपम खेर की डायरेक्शन में बनी फिल्म तन्वी द ग्रेट, सनी देओल की बॉर्डर 2, सलमान खान की बैटल ऑफ गलवां का नाम शामिल है. ये सारी फिल्में लोगों की लिस्ट में शामिल है, जो कि आने वाले कुछ महीनों में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. इनमें तन्वी द ग्रेट एक ऑटिज्म डिसऑर्डर के किरदार की भी कहानी दिखाती है. अनुपम खेर की बात करें, तो तन्वी द ग्रेट को लेकर काफी वक्त से बज बना हुआ है. कुछ वक्त पहले फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, इस दौरान अनुपम खेर ने बताया कि ये कहानी उनकी भतीजी की कहानी से इंस्पायर है. इस फिल्म में लीड रोल निभा रही तन्वी ऑटिज्म डिसऑर्डर का शिकार है. फिल्म की कहानी में तन्वी अपने पिता का अधूरा सपना पूरा करने के लिए सेना में शामिल होने का फैसला करती है. ये फिल्म 18 जुलाई को रिलीज होने वाली है.सनी देओल की बात की जाए, तो इस साल वो फिल्म जाट में नजर आए थे. लोगों ने उनकी फिल्म को पसंद किया था. अब वो जल्द ही बॉर्डर 2 में नजर आने वाले हैं. अनुराग सिंह की डायरेक्शन में बन रही ये फिल्म साल 2026 के शुरुआती महीने में रिलीज होने वाली है. सनी देओल के साथ इस फिल्म में वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ भी शामिल है. ये फिल्म जेपी दत्ता की फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है.

सिकंदर के बाद अब सलमान खान अपनी अगली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के साथ नजर आने वाले हैं. जिसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की है. फिल्म का फर्स्ट लुक भी जारी कर दिया गया है. इस फिल्म को अपूर्व लाखिया ने डायरेक्ट किया है, जिसमें सलमान के साथ चित्रांगदा नजर आने वाली हैं. ये फिल्म असल घटना पर बनाई गई है, जो कि लद्दाख में फिल्मायी गई है. इस फिल्म की कहानी । साल 2020 में गलवां घाटी में भारत और चीन की सेनाओं में हुई जंग पर बनी है.वहीं धर्मेंद्र, जयदीप अहलावत, सिकंदर खेर और वरुण धवन स्टारर फिल्म इक्कीस भी आर्मी की कहानियों को दिखाती है. ये फिल्म आर्मी ऑफिसर लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की है, जो 21 साल की उम्र में देश के लिए शहीद हो गया था. फिल्म में अमिताभ बच्चन का नाती अगस्त्य नंदा भी शामिल है. ये फिल्म इस साल अक्टूबर महीने मे रिलीज होने वाली है, जिसमें धर्मेंद्र, अरुण खेत्रपाल के पिता का रोल निभा रहे हैं.

# बाहुबली द बिगिनिंग के 10 साल पूरे



में भारतीय सिनेमा में एक बड़ा बदलाव आया जब बाहुबली: द बिगिनिंग फिल्म आई। यह एक ऐसी जबरदस्त एक्शन फिल्म थी जिसने सिनेमा की सोच को ही बदल दिया और पूरे देश में एक नई पहचान बना ली। अब, दस साल बाद, ये फिल्म एक बार फिर बड़े पर्दे पर लौट रही है लेकिन इस बार दोनों भागों को मिलाकर। बाहुबली फिर से सिनेमाघरों में 31 अक्टूबर 2025 को आ रही है। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए मेकर्स ने बाहुबली: द एपिक के बड़े रिलीज का ऐलान किया है। इस बार फैंस को दोनों भागों को एक साथ देखने का मौका मिलेगा, वो भी वहीं जहां इसका असली मज़ा है यानी सिनेमा हॉल में। इस ऐलान को निर्देशक एस. एस. राजामौली ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। उनके साथ-साथ फिल्म के बाकी मेकर्स ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर यह खबर पोस्ट की है। दर्शकों की सोच से भी आगे सोचने वाले निर्देशक एस. एस. राजामौली की फिल्म बाहुबली: द बिगिनिंग ने भारतीय सिनेमा में नई पहचान बनाई। इसकी शानदार कहानी, दमदार किरदार, जबरदस्त संगीत और भावनाओं से भरे सीन ने इसे एक खास अनुभव बना दिया। इस फिल्म ने सिर्फ माहिष्मती जैसे भव्य राज्य को परदे पर नहीं दिखाया, बल्कि हमें एक जबरदस्त स्टारकास्ट भी दी जैसे प्रभास, राणा दग्गुबाती, अनुष्का शेट्टी, तमन्ना भाटिया, रम्या कृष्णन, सत्यराज और नासिर, जिनके रोल आज भी लोगों को याद हैं। इस फिल्म ने पूरे देश में एक जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया था, और एक सवाल हर किसी की जुबान पर था "कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा?" यह सवाल सिर्फ एक डायलॉग नहीं, बल्कि पॉप कल्चर का हिस्सा बन गया और इसी ने दूसरी फिल्म बाहुबली 2: द कॉन्क्लूज़न के लिए इतिहास रचने की जमीन तैयार की। इस फिल्म को कई नेशनल अवॉर्ड्स मिले, जिनमें बेस्ट फीचर फिल्म और बेस्ट स्पेशल इफेक्ट्स शामिल हैं। भारतीय सिनेमा में इसका एक खास मुकाम है। यह आज भी तेलुगु की छठी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है और इसकी हिंदी डब्ड वर्ज़न अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली डब्ड हिंदी फिल्म का रिकॉर्ड बनाए हुए है।

राष्ट्रबाण विदर्भ VISION
।। धर्मो रक्षति रक्षितः।।
तापमान. नागपुर. अधिकतम 34.0°C न्यूनतम 25.8°C
नागपुर, रविवार, 13 जुलाई 2025

# हमारे बच्चे कॉन्वेंट में हैं और हमें मराठी भाषा की चिंता करनी चाहिए

## शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. भोयर ने कहा

राष्ट्रबाण

**वर्धा.** राज्य में मराठी स्कूलों की बढ़ती संख्या, अतिरिक्त शिक्षण स्टाफ और इसके परिणामस्वरूप मराठी स्कूलों के बंद होने को लेकर चिंताएँ व्यक्त की जा रही हैं और शिक्षक संघ आंदोलन की भूमिका में हैं. इसी पृष्ठभूमि में, वर्धा जिला प्राचार्य संघ और शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम हॉल में विदर्भ शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया. इसमें जिले के पालक मंत्री डॉ. पंकज राजेश भोयर, विधायक सुधाकर अड़बाले और राज्य प्राचार्य संघ के रावसाहेब अवारी शामिल हुए. डॉ. पंकज भोयरने कहा कि प्रधानाचार्य, शिक्षकों और प्रबंधकों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि छात्रों की संख्या कैसे बडे. वरना यहाँ मौजूद सभी लोगों के बच्चे, जिनमें मैं भी शामिल हूँ, कॉन्वेंट में होते और हमें मराठी स्कूलों की चिंता करनी पड़ती. उनके यह कहते ही हँसी का फव्वारा फूट पड़ा.

इस अवसर पर शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. भोयर ने कहा कि छात्रों की संख्या चाहे कितनी भी हो, यह सरकार राज्य में एक भी मराठी स्कूल बंद नहीं होने देगी. शिक्षकों और हम सभी की कुछ ज़िम्मेदारी है. मैं एक स्कूल प्रवेश कार्यक्रम के लिए मुंबई नगर निगम के एक स्कूल में गया था. जब मैंने छात्रों को देखा, तो मैंने पूछा कि कितने छात्र हैं, और प्रिंसिपल ने कहा 1100. मैं हैरान रह गया. मैंने वहाँ मौजूद



एक अधिकारी से पूछा कि यह कैसे संभव है? अधिकारी ने कहा, मुंबई नगर निगम के स्कूलों में कुल छात्रों की संख्या अब ढाई लाख से बढ़कर साढ़े तीन लाख हो गई है. छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ, रोचक कार्यक्रम, शिक्षण कौशल और अन्य कई प्रयास किए गए. वे सफल रहे. इसका उदाहरण देते हुए डॉ. भोयर ने कहा, करने से ही हो रहा है. सतीश जगताप ने इस शैक्षणिक सम्मेलन के आयोजन में भूमिका प्रस्तुत की. मंच पर शैक्षणिक प्रशिक्षण प्राचार्य मंगेश घोगरे, शत्रुघ्नबिडकर, राज्य प्राचार्य संघ के अध्यक्ष केरुभाऊ धोमसे आदि उपस्थित थे. जिला पदाधिकारी मिलिंद सालोडकर, प्रदीप गोमासे, मिलिंद मुले, रविकिरण भोजने, वीरेंद्र मुले, अनिल तड़स ने इस सम्मेलन के आयोजन में सहयोग किया, जिसकी पालकमंत्री ने सराहना की.

> यह इसका एक उदाहरण है. डॉ. भोयर ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवोदय विद्यालयों की बिगड़ती हालत को देखते हुए उन सभी विद्यालयों को अपने अधीन ले लिया. साथ ही, प्रोत्साहन स्वरूप उन्होंने प्रधानमंत्री श्री विद्यालय योजना शुरू की. उन्हीं के नक्शेकदम पर चलते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हर जिले में मुख्यमंत्री श्री विद्यालय योजना लागू की. लेकिन अगर सरकार कोशिश कर रही है, तो संबंधित पक्षों को भी आगे आना चाहिए. तभी ये विद्यालय बच पाएँगे, ऐसा उन्होंने अपनी राय व्यक्त की. डॉ. भोयर ने विदर्भ प्राचार्य संघ के अध्यक्ष सतीश जगताप की निस्वार्थ सेवा का विशेष रूप से उल्लेख किया.

# 13 छात्रों को विषबाधा; 5 छात्र गंभीर

### येलगांव में आश्रम शाला की घटना



राष्ट्रबाण

**बुलढाणा.** बुलढाणा तहसील के येलगांव स्थित पैनगंगा आदिवासी आश्रम स्कूल के 13 छात्र कल रात करी और चावल खाने के बाद फूड पॉइजनिंग से पीड़ित हो गए. छात्रों को अचानक उल्टी और दस्त की समस्या होने पर जिला सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया. इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है. पैनगंगा आदिवासी आश्रम स्कूल बुलढाणा के पूर्व विधायक और वर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष विजयराज शिंदे का है.

इस आदिवासी आश्रम शमा में खाना खाने के बाद ही सभी विषबाधा हुई. पैनगंगा आदिवासी आश्रम शाला बुलढाणा के पूर्व विधायक व वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष विजयराज शिंदे द्वारा संचालित की जाती है. घटना के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है और आश्रमशाला प्रशासन पर भी सवाल उठने लगे हैं.

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर भोजन के सैंपल को परीक्षण के लिए भेजा है.
- प्राथमिक जांच में भोजन की गुणवत्ता में लापरवाही सामने आई है.
- जिला शल्य चिकित्सक डॉ. दत्तात्रय बिराजदार ने बताया कि 13 छात्राओं को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है.
- उनका इलाज चल रहा है.
- बाकी छात्राएं स्थिर हैं और उन्हें भी आवश्यक उपचार दिया जा रहा है.

## फास्ट ट्रैक

### 87 लोग डायरिया से संक्रमित

**बुलढाणा.** बुलढाणा जिले की शेगांव तहसील के मातरगांव में दूषित पानी पीने से 87 नागरिक डायरिया से पीड़ित हो गए. इन सभी का इलाज आसपास के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में चल रहा है. गांव में अचानक डायरिया की समस्या फैलने और स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण नागरिकों में रोष फैल गया और गांव की महिलाओं ने जलांब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारियों को खूब खरी-खोटी सुनाई.

### नई पीढ़ी को नक्सलियों से दूर रखेंगे

**नागपुर.** राजस्व मंत्री और संयुक्त समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि जन सुरक्षा अधिनियम राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, छात्र संगठनों के ख़िलाफ़ नहीं है, बल्कि यह उन संगठनों को गिरफ़्तार करने का क़ानून है जो नक्सली आंदोलन को नई पीढ़ी तक पहुँचा रहे हैं. हालाँकि, कुछ नेता सिर्फ़ अपनी पार्टी के लिए विरोध करने के लिए ऐसा कर रहे हैं. महाराष्ट्र सरकार ने भारतीय व्यवस्था के विरुद्ध समाज में अशांति फैलाने वालों को गिरफ्तार करने के लिए जन सुरक्षा अधिनियम लागू किया है. राज्य के लोगों की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी सरकार की है. एक नक्सली आंदोलन है जो संपत्ति को नुकसान पहुँचाता है और जान लेता है.

### एक तरफ़ विरोध, दूसरी तरफ़ धोखाधड़ी

# कुलदीप वासु किया ज्वार ख़रीद में घोटाला ?

राष्ट्रबाण

**अकोला.** किसानों के मुद्दे पर सरकार को घेरने के लिए सड़कों पर उतरे बच्चू कडू पर जनशक्ति पार्टी के अकोला ज़िला अध्यक्ष ने सैकड़ों किसानों के पैसों से गारंटीड मूल्य पर ज्वार ख़रीद में घोटाला करने का आरोप लगाया है. एनसीपी विधायक अमोल मिटकरी ने विधान परिषद में आरोप लगाया कि अकोट कृषि उपज बाज़ार समिति में ज्वार ख़रीद में किसान उत्पादक कंपनी ने किसानों के नाम पर धोखाधड़ी की है.

पणन मंत्री जयकुमार रावल ने इस पर एसआईटी जाँच की घोषणा की. एक तरफ़, जहाँ बच्चू कडू किसानों के मुद्दे को लेकर सड़कों पर उतर रहे थे, वहीं दूसरी तरफ़ यह खुलासा हुआ कि उनकी ही पार्टी के पदाधिकारी ने किसानों के नाम पर धोखाधड़ी की है. अकोट कृषि उपज बाज़ार समिति में ज्वार ख़रीद में घोटाले का आरोप लगा है. गारंटीड मूल्य पर ज्वार ख़रीद के लिए फ़र्ज़ी लेन-




